
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 323 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, गुरुवार 28 मई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



नागरिक आदर्शवान और अनुशासित होना चाहिये, हमारा देश निश्चित विकास करेगा।

Our country would Certainly develop it our citizens submit the mselves to idealism and discipline.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## जरूरतमंदों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए सरकार की बड़ी पहल का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर कहा कि सरकार देश के हर जरूरतमंद तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा, देश के हर जरूरतमंद तक पीडीएस के माध्यम से समय पर खाद्यान्न पहुंचे, इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में सार्थक-पीडीएस को ज्यादा आधुनिक और प्रभावी बनाकर जारी रखने का फैसला किया गया है। इससे पीडीएस की डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्टेशन व्यवस्था अधिक पारदर्शी और बेहतर बनेगी, साथ ही शिकायतों के समाधान में भी तेजी आएगी।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स ने 'सार्थक-पीडीएस' योजना को अगले पांच वर्षों तक जारी रखने को मंजूरी दी है। इस योजना पर केंद्र सरकार करीब 25,530 करोड़ रुपए खर्च करेगी। यह राशि 16वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान केंद्र की हिस्सेदारी के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने दो प्रमुख योजनाओं को मिलाकर 'सार्थक-पीडीएस' योजना का नया व्यापक ढांचा तैयार किया है। इनमें 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राज्यों को खाद्यान्न के राज्य के भीतर परिवहन और फेयर प्राइस शॉप डीलरों के मार्जिन के लिए सहायता' और 'स्मार्ट पीडीएस' योजना शामिल हैं। अब इन दोनों योजनाओं को एकीकृत कर 'सार्थक-पीडीएस' के रूप में लागू किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे सिस्टम को तकनीक आधारित और नागरिक-केंद्रित बनाना है। सरकार चाहती है कि अंतिम व्यक्ति तक खाद्यान्न की डिलीवरी बेहतर हो, राशन व्यवस्था में गड़बड़ियां कम हों और पूरी प्रणाली में पारदर्शिता बढ़े।

भारत अब खुद बनाएगा 5 वीं जनरेशन फाइटर जेट

## इंडियन एयर फोर्स को मिलेगा नया ब्रह्मास्त्र



**नई दिल्ली।** भारत अब रक्षा क्षेत्र में एक और बड़ा कुछ करने की तैयारी में है। दुनिया की ताकतवर सेनाओं की सूची में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए भारत ने स्वदेशी 5वीं पीढ़ी के स्टील्थफाइटर जेट 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट' प्रोजेक्ट को तेज कर दिया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए नए 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल' के बाद यह साफ हो गया है कि देश अब आधुनिक लड़ाकू विमानों के मामले में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह फाइटर जेट सिर्फ दुश्मनों की रडार पकड़ से बचने में सक्षम नहीं होगा, बल्कि हवा से हवा और हवा से जमीन पर हमला करने में भी बेहद ताकतवर माना जा रहा है। खास बात यह है कि इंडियन एयर फोर्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे इस ट्विन-इंजन स्टेल्थ विमान का पहला प्रोटोटाइप कॉन्ट्रैक्ट साइन होने के 30 महीने के भीतर उड़ान भर सकता है।

## केंद्रीय कैबिनेट के सार्थक पीडीएस फेज-2 निर्णय का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया स्वागत

- गरीब कल्याण को नई मजबूती देगा सार्थक पीडीएस फेज-2, राज्यों को मिलेगा आर्थिक सहयोग राज्यों को मिलेगा आर्थिक सहयोग



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा SARTHAK-PDS फेज-2 के लिए 25,530 करोड़ रुपये की मंजूरी का स्वागत करते हुए इसे गरीब कल्याण, खाद्य सुरक्षा और सुशासन की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय बताया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह निर्णय सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) को तकनीक आधारित, अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि डबल इंजन सरकार गरीबों तक योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। SARTHAK-PDS फेज-2 के माध्यम से एआई-इनेबल्ड लाभार्थी रजिस्ट्री, जीपीएस ट्रैकिंग, क्यूआर कोड टैगिंग, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और आधुनिक सप्लाई चेन प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं से राशन वितरण प्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी। इससे पात्र हितग्राहियों तक सस्ते अनाज और खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार का यह निर्णय केवल तकनीकी उन्नयन तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्यों को राशन परिवहन, हैंडलिंग तथा उचित मूल्य दुकानों के संचालन में बढ़ती लागत के लिए आर्थिक सहयोग देकर वितरण व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाएगा। राशन दुकानों के डीलरों के पारिश्रमिक में वृद्धि का प्रावधान जमीनी स्तर पर व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि 31 मार्च 2031 तक संचालित होने वाली यह योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के करोड़ों हितग्राहियों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा से ठगी करने वाला गिरफ्तार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर उत्तर से भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा से ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सहदेव को ओडिशा के पुरी जिले के अस्तरंग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। खम्हारडीह थाना पुलिस की टीम उसे रायपुर लेकर पहुंची है। पुलिस आज पूरे मामले का खुलासा कर सकती है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी ने खुद को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का निजी सहायक बताकर विधायक से ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवाए थे। दरअसल, 25 मई को विधायक पुरंदर मिश्रा के पास एक कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को नितिन नवीन का पीए बताते हुए कहा कि उनकी गाड़ी संबलपुर के जंगल क्षेत्र में फंस गई है और डीजल खत्म हो गया है। आरोपी ने तुरंत पैसों की जरूरत बताकर मदद मांगी।विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया था कि कॉल करने वाला उड़िया टोन में बात कर रहा था और पीछे बच्चों की आवाज भी सुनाई दे रही थी।

## असम विधानसभा में यूसीसी विधेयक हुआ पास, अमित शाह ने जनता को बधाई दी





**गुवाहाटी।** असम विधानसभा से बुधवार को समान नागरिक संहिता बिल पास हो गया है. इसका उद्देश्य धर्म के दायरे से बाहर जाकर विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और सह-जीवनसाथी संबंध को नियंत्रित करने के लिए एक समान कानूनी ढांचा स्थापित करना है. असम ऐसा करनेवाला वाला देश का तीसरा राज्य बन गया है. केंद्रीय गृह मंत्री ने असम की जनता को बधाई दी. उन्होंने कहा कि मैं बहुत ही ज्यादा खुश हूँ कि उत्तराखंड और गुजरात के बाद, आज असम ने भी ष्टष्ट विधेयक पारित कर दिया है. सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार ने सत्र के आखिरी दिन इस बिल को भारी हंगामे के बीच से मंजूरी दिलाई. हालांकि विपक्ष ने इसे सेलेक्ट कमेटी के पास भेजने की मांग की थी.

असम यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक पारित करने वाला देश का तीसरा राज्य बन गया है. इससे पहले यह उपलब्धि उत्तराखंड और गुजरात के पास है। गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट करते हुए कहा कि असम की जनता को मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई. पीएम मोदी के नेतृत्व में, भाजपा शासित राज्य की सरकारें हर नागरिक के लिए एक समान कानून लागू कर रही हैं.

'यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक, असम 2026' पर दिनभर चली चर्चा के बाद अध्यक्ष रणजीत कुमार दास ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से इसे पारित करने के लिए आगे बढ़ाने को कहा. हालांकि विपक्ष की मांग थी कि इस विधेयक को व्यापक परामर्श के लिए प्रवर समिति को भेजा जाए, जिसे अध्यक्ष रणजीत कुमार दास ने खारिज कर दिया.

## विजयन समर्थकों का ईडी टीम पर हमल , लाठी-पत्थर बरसाए



**तिरुवनंतपुरम।** केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के समर्थकों ने प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला किया। ईडी की 12 सदस्यीय टीम बुधवार सुबह 7 बजे तिरुवनंतपुरम के बेकरी जंक्शन स्थित विजयन के घर समेत 10 ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रेड करने पहुंची थी। यह विजयन का किराए वाला घर है। रेड के दौरान विजयन और उनका परिवार घर में मौजूद था। जैसे ही यह खबर फैली तो विजयन के समर्थक उनके घर के बाहर जुटने लगे।

दोपहर करीब 2 बजे टीम बाहर निकली तो सीपीआई कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। भीड़ ने अधिकारियों की गाड़ियों पर पत्थर और बोतलें फेंकी। कारों के शीशे तोड़ दिए गए और लाठी से भी हमला किया। बेकरी जंक्शन स्थित पूर्व मुख्यमंत्री पिनारई विजयन के किराए के घर पर रेड। यहां उनकी बेटी वीणा विजयन भी रहती हैं। ईडी की रेड पर पिनाराई विजयन का बयान सामने आया।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आसाराम को बड़ा झटका



**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे 86 वर्षीय संत आसाराम को बड़ी राहत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई उनकी आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा को बरकरार रखा है। हालांकि, हाई कोर्ट ने उन्हें सामूहिक दुष्कर्म के आरोपों से बरी कर दिया है, लेकिन पोक्सो और अन्य गंभीर धाराओं में उनकी दोषसिद्धि और सजा यथावत रहेगी। इसके साथ ही वर्तमान में अंतरिम चिकित्सा जमानत पर बाहर चल रहे आसाराम को तत्काल सरेंडर करने का आदेश दिया गया है। राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर स्थित मुख्यपीठ में न्यायाधीश अरुण मोंगा और न्यायाधीश योगेंद्र कुमार पुरोहित की खंडपीठ ने बुधवार को इस बहुचर्चित मामले में फैसला सुनाया। कोर्ट ने आसाराम, सह-अभियुक्त शिल्पी और शरतचंद्र की ओर से दायर अपीलों पर सुनवाई पूरी करने के बाद 20 अप्रैल 2026 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में तमिलनाडु सीएम जोसेफ विजय ने की सौजन्य मुलाकात



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद विजय की प्रधानमंत्री के साथ यह पहली औपचारिक बैठक है। 10 मई को टीवीके चीफ विजय ने तमिलनाडु की मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मुख्यमंत्री बनने के बाद विजय का ये पहला दिल्ली दौरा है। उनकी पार्टी ने 234 विधानसभा सीटों में से 108 सीटों पर जीत हासिल की थी। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, मुख्यमंत्री विजय गुरुवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कई अन्य वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे।

इससे पहले मंगलवार को विजय ने पीएम मोदी को एक पत्र लिखकर केंद्र सरकार के आग्रह किया था कि वह कर्नाटक सरकार को मेकेदातु बांध के निर्माण की अनुमति न दे। पत्र में विजय ने कहा कि कर्नाटक द्वारा प्रस्तावित यह परियोजना सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार द्वारा की गई टिप्पणियों पर भी चिंता व्यक्त की। विजय अगले दिन अपने सहयोगियों से मिलने के लिए दिल्ली में ही रुक सकते हैं। ऐसी खबरों पर कि वह कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से भी मुलाकात कर सकते हैं, एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि अभी तक कुछ भी पक्का नहीं है।

## ताइवान में घुसे चीन के 9 फाइटर जेट, बढ़ी टेंशन

- अमेरिका-ईरान तनाव के बीच अब एशिया में भी बड़े टकराव की आशंका





**बीजिंग।** मिडिल-ईस्ट में अमेरिका-ईरान तनाव के बीच अब एशिया में भी बड़े टकराव की आशंका बढ़ने लगी है। ताइवान के आसपास चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों ने पूरे इलाके की चिंता बढ़ा दी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, चीन के 9 सैन्य विमान और 7 नेवी जहाज उसके आसपास के इलाके में देखे गए। जो सीधा ताइवान स्ट्रेट की मीडियन लाइन पार कर ताइवान के एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में घुस गए। चीन की इस आक्रामक गतिविधि को ताइवान पर दबाव बनाने की रणनीति माना जा रहा है। पिछले कुछ समय से बीजिंग लगातार ताइवान के आसपास अपनी ताकत दिखा रहा है, जिससे इलाके में तनाव बढ़ता जा रहा है।

वहीं ताइवान भी अलर्ट मोड पर है और हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है। ऐसे माहौल में सवाल उठने लगे हैं कि क्या दुनिया एक और बड़े युद्ध की ओर बढ़ रही है? हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के दौरे पर आए थे। तब ताइवान को उम्मीद थी की वह उसकी आजादी के लिए चीन से बातचीत करेंगे और पूरा मसला हल कर देंगे। लेकिन हुआ इसके उलटज् ट्रंप अमेरिका पहुंचते ही बोले कि वह चीन और ताइवान के लिए शांति चाहते हैं, न कि कोई युद्ध। उन्होंने ये भी कहा कि यदि वह इसमें आते हैं तो इसके लिए उन्हें 9500 किमी का सफर करना होगा। उनके मुताबिक, चीन लंबे समय से ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान खुद को स्वतंत्र देश मानता है।

## दुनियाभर में इबोला का 'इमरजेंसी' अलर्ट

- बेंगलुरु एयरपोर्ट पर पकड़ी गई संदिग्ध महिला यात्री



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में इबोला वायरस के बढ़ते खतरों के बीच भारत में भी एहतियाती कदम उठाए जाने शुरू हो गए हैं। इसी कड़ी में, 23 मई को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंची एक 28 वर्षीय युगांडा की महिला को एहतियात के तौर पर इंदिरा नगर के एपिडेमिक डिजीज हॉस्पिटल में आइसोलेट कर दिया गया है। संक्रमण की पुष्टि के लिए महिला के सैंपल लेकर जांच के लिए पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेज दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ऋत्विक रंजनम पांडे ने बताया कि महिला में बुखार जैसे कोई स्पष्ट लक्षण नहीं थे। हालांकि, एयरपोर्ट हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने महिला में थकान और शरीर में दर्द जैसे बेहद हल्के लक्षण दर्ज किए, जिसके बाद तुरंत सैंपल लेने का फैसला किया गया। युगांडा से आने के बाद महिला ने शुरू में एक होटल में चेक-इन किया था, लेकिन स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के तहत उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है और उस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस वैश्विक अलर्ट के बाद कर्नाटक के स्वास्थ्य विभाग ने एक सख्त एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत इबोला प्रभावित देशों से लौटने वाले सभी यात्रियों को भारत आगमन के बाद कम से कम 21 दिनों तक खुद को आइसोलेशन और सेल्फ-मॉनिटरिंग (निगरानी) में रखने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग को एनआईवी पुणे की पहली रिपोर्ट का इंतजार है।

## खादी और ग्रामोद्योग ने रचा इतिहास,बिक्री पहली बार 1.87 लाख करोड़ के पार



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र ने बीते 12 वर्षों में विकास और परिवर्तन की अभूतपूर्व यात्रा तय की है। वित्त वर्ष 2025-26 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री 1,87,105 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई, जो अब तक की सर्वाधिक बिक्री है और ग्रामीण भारत की बढ़ती उद्यमशीलता, आत्मनिर्भरता तथा आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त प्रमाण है। 'आत्मनिर्भर भारत', 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' जैसे राष्ट्रीय अभियानों से प्रेरित होकर खादी आज केवल एक पारंपरिक उत्पाद नहीं, बल्कि 'नये भारत' की आत्मनिर्भरता, स्वदेशी गौरव और ग्रामीण समृद्धि का जीवंत प्रतीक बन चुकी है। उत्पादन, विपणन और रोजगार सृजन के नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र ने देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान की है।

आंकड़े (Provisional Data) जारी करते हुए केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा कि आयोग ने उत्पादन, बिक्री और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013-14की तुलना में पिछले 12 वर्षों में बिक्री में 501 प्रतिशत, उत्पादन में 380 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 56 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पूर्व वर्षों की प्रवृत्ति को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में वर्ष 2013-14 की तुलना में बिक्री में 447 प्रतिशतऔर उत्पादन में 347 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में वर्ष 2013-14 की तुलना में बिक्री में 400 प्रतिशतऔर उत्पादन में 315 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी। अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा कि केवीआईसी का यह सशक्त प्रदर्शन 'विकसित भारत-2047'के संकल्प को गति प्रदान करने के साथ-साथ भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रभावी मार्गदर्शन, महात्मा गांधी की प्रेरणा तथा देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत करोड़ों कारीगरों की मेहनत को दिया। अध्यक्ष केवीआईसी ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन जहां 26109 करोड़ रुपये था, वहीं वित्त वर्ष 2025-26में यह करीब पांच गुना बढ़कर380 प्रतिशत के उछाल के साथ 125296 करोड़ रुपये पहुंच गया। जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में बिक्री जहां 31154 करोड़ रुपये थी, वहीं करीब छह गुना बढ़कर501प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि के साथ यह वित्त वर्ष 2025-26 में 187105 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो कि अब तक की सर्वाधिक बिक्री है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर, गुरूवार 28 मई 2026



# शिवनदानपुर नगर चुनाव का राजनीतिक पारा चढ़ा

### नगर पंचायत शिवनंदनपुर को भाजपा ने बनाया है संवारने का कार्य भी भाजपा ही करेगी कांग्रेस इसे पचा नहीं पा रही है- मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

### भाजपा के प्रेस वार्ता में नेताओं ने कांग्रेस के घाटिया राजनीति की निंदा की

**गोपाल सिंह विद्रोही**



सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)- भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार के द्वारा शिवनंदनपुर के बेहतर विकास के लिए नगर पंचायत बनाकर वहां के निवासियों को एक बड़ी सौगात दी है और नगर पंचायत बनने के बाद 4.50 करोड़ रूपयें की राशि स्वीकृत कराकर शिवनंदनपुर नगर पंचायत का उत्तरोत्तर विकास किया है। किन्तु कांग्रेस जिसका विकास से कोई वास्ता नही है लोगों को डराने धमकाने की राजनीति करने वाली पार्टी हैं 50 सालो से ज्यादा इस क्षेत्र से उनके पंच, सरपंच, विधायक, सांसद, मंत्री बने लेकिन विकास से कोसो दूर शिवनंदनपुर रहा है प्रदेश में डॉ रमन सिंह की सरकार व वर्तमान मे विष्णुदेव साय की सरकार मे शिवनंदनपुर के लिए अनेक विकास के काम हुए है और सबसे बड़ी सौगात नगर पंचायत बनाकर इस क्षेत्र को दी है जिसको लेकर प्रथम चुनाव के प्रचार के दौरान आदर्श आचर संहिता लागू होने के बाद कांग्रेस के पदाधिकारी के द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओ को प्रचार से रोकना और उनके साथ गुण्डा गर्दी करते हुए फरसा निकालकर जान से मारने की धमकी देने जैसे कृत्य कर रहे हैं जबकि भाजपा अपने विकास कार्यों के बदौलत आम जनता से वोट मागने का काम कर रही है। कांग्रेस कई धड़ो मे बंटी हुई है और अपने-अपने आका को खुश करने के चक्कर में अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति को बचाने के चक्कर मे प्रशासन जो स्वतंत्र रूप से अपना काम कर रही है उनपर दबाव बनाने का काम कर रहे है।

दिनांक 24.05.2026 को मित्तल पाण्डेय के साथ नरेन्द्र जैन के द्वारा किये गये अश्लील गाली गलौज करते हुए फरसा दिखाकर जान से मारने की धमकी दिये जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था उक्त रिपोर्ट से बचने हेतु कांग्रेस पार्टी के द्वारा आंदोलन कर पुलिस पर अर्नगल दबाव बनाते हुए एक काउटर रिपोर्ट मुकेश साहू एवं मित्तल पाण्डेय के विरूद्ध दिनांक 26.05.2026 को नरेन्द्र जैन की पत्नी मधु जैन के द्वारा झूठे आधारो पर दर्ज कराया गया है उनके द्वारा किये गये शिकायत में कोई सत्यता नहीं है जब नरेन्द्र जैन के द्वारा घटना दिनांक को फरसा लहराकर जान से मारने की धमकी मित्तल पाण्डेय को दी जा रही थी तब मित्तल पाण्डेय के साथी मुकेश साहू उसे लेकर वहां से जान बचाकर भागे ऐसी स्थिति में इनके द्वारा कोई भी गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का कोई प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है, नरेन्द्र जैन के द्वारा अपने अपराध से बचने हेतु झूठा रिपोर्ट कराया है इस उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करते हुए प्रकरण खात्मा किया जाये। तथा झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले के विरूद्ध भी कार्यवाही किया जावे। नरेन्द्र जैन के विरूद्ध गम्भीर धाराओं मे अपराध दर्ज है उसके बावजूद भी पुलिस थाना विश्रामपुर के सामने आरोपी खुलें आम घुम रहा है एवं वह अभी भी शिवनंदनपुर के वार्डो में घुम-घुमकर भाजपा कार्यकर्ताओ को लगातार धमकी दे रहा है परन्तु पुलिस के द्वारा उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा रही जिससे आर्म्स एक्ट की धाराओं को यथावत रखते हुए तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी किया जावें।

चूकि नगर पंचायत शिवनंदनपुर मे नगरीय निकाय चुनाव चल रहा है और उक्त चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी के द्वारा अनर्गल दबाव बनाकर निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करना चाहते है जिस कारण से ही उनके द्वारा झूठे आधारो पर भाजपा कार्यकर्ता के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया गया है और अभी भी भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकाया जा रहा जिससे भाजपा कार्यकर्ता ठीक से प्रचार ना कर सके।

## फर्जी आर्म्स एक्ट मामले में घिरे कांग्रेस नेता नरेंद्र जैन के घर पहुंचे भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और दीपक बैज



### परिजनों से की मुलाकात, कहा 'पूरा कांग्रेस परिवार आपके साथ, न्याय की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी',,,,,

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष एवं चुनाव संचालन की जिम्मेदारी निभा रहे नरेंद्र जैन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कथित फर्जी अपराध दर्ज किए जाने के बाद जिले की राजनीति गरमा गई है। मामले को लेकर कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन पर राजनीतिक द्वेषवश कार्रवाई करने का आरोप लगा रही है।

इसी बीच प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने बिश्रामपुर पहुंचकर नरेंद्र जैन के परिजनों से मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ जैन के निवास पहुंचकर परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

नेताओं ने परिजनों से कहा कि वे किसी प्रकार की चिंता न करें, पूरा कांग्रेस परिवार उनके साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन पार्टी अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराने और दबाने की कोशिश की जा रही है, जिसे पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं टीएस सिंहदेव और दीपक बैज ने भी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि सत्य सामने लाने के लिए कांग्रेस हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगी।

नेताओं के आगमन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। पूरे घटनाक्रम को लेकर जिले में राजनीतिक माहौल काफी गर्म हो गया है और आने वाले दिनों में कांग्रेस द्वारा आंदोलन तेज किए जाने के संकेत भी मिल रहे हैं।

## पिलखा पहाड़ के हरे भरे जंगल धू धू जल रहा वन विभाग अनभिज्ञ

### जंगल और वन्यजीवों को बढ़ा खतरा, लोगों ने प्रशासन से त्वरित पहल करने मांग की



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** सूरजपुर जिले के जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत करतमा और पहाड़गांव के समीप पिलखा पहाड़ में पिछले कई दिनों से आग लगी हुई है। आग लगातार फैल रही है, जिससे जंगल, पेड़-पौधे और वन्य जीवों को भारी नुकसान पहुंच रही है। समीपस्थ ग्रामों के लोगों का कहना है कि अब तक आग बुझाने के लिए प्रशासन की ओर से कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है।भीषण गर्मी के कारण आग तेजी से फैल रही है। इससे कई पेड़-पौधे जल चुके हैं और वन्य जीवों के प्रभावित होने की आशंका है। लोगों का कहना है कि सरकार पर्यावरण बचाने और पेड़ लगाने के लिए कई योजनाएं चलाती है, लेकिन इस आग को रोकने के लिए अभी तक पर्याप्त प्रयास नहीं दिख रहे हैं।स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशासन, वन विभाग और आपदा प्रबंधन टीम से जल्द आग पर काबू पाने की मांग की है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की बात कही गई है।लोगों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह आग बड़े पर्यावरणीय नुकसान का कारण बन सकती है।

## भिलाई में वाटरटेक का डीलर्स मीट संपन्न

### नए सीपी फिटिंग्स और सेनेटरीवेयर पोर्टफोलियो बाजार में




**भिलाई** - भारत के बाथवेयर और प्लंबिंग सॉल्यूशंस इंडस्ट्री में पिछले 27 सालों से भरोसे का दूसरा नाम रही, वाटरटेक इंडिया ने भिलाई में डीलर्स मीट का आयोजन किया। जहां कंपनी ने अपने सीपी फिटिंग्स और सेनेटरीवेयर डिवीजन् की एक नई और रणनीतिक शुरुआत की घोषणा की। यह कदम कंपनी के लिए एक बड़ा विस्तार है। इसके तहत, आधुनिक भारतीय घरों की बदलती ज़रूरतों और उम्मीदों को पूरा करने के लिए एक तकनीक-आधारित और डिज़ाइन-फोकस्ड प्रोडक्ट पोर्टफोलियो पेश किया गया है।

यह लॉन्च वाटरटेक के लिए खुद को पूरी तरह से री-इन्वेंट करने जैसा है। इसमें 500 से ज्यादा नए और अपग्रेडेड प्रोडक्ट्स शामिल हैं। इस रेंज को एक नई डिज़ाइन फिलॉसफी के साथ तैयार किया गया है, जिसमें बेहतरीन एस्थेटिक्स (लुक), पानी की बचत करने वाली परफॉर्मेंस और सटीक इंजीनियरिंग पर खास ज़ोर दिया गया है—ताकि कंपनी के ब्रांड वादे 'द परफेक्ट फ्लो. फॉर लाइफ' को सही मायनों में साकार किया जा सके। इस नए पोर्टफोलियो के साथ, वाटरटेक ने खुद को एक कम्प्लीट बाथरूम सॉल्यूशंस ब्रांड के तौर पर स्थापित किया है। कंपनी अब एक ऐसी प्रोडक्ट रेंज दे रही है जो आपस में जुड़ी हुई है, यानी डिज़ाइन में एकरूपता है और यूज़र को एक प्रीमियम अनुभव देती है।

इस नए पोर्टफोलियो में सीपी फॉसेट्स को देखा जा सकता है जो 10 अलग-अलग फॉसेट कलेक्शन रेंज, जिन्हें हर तरह की पसंद के लिए डिज़ाइन किया गया है—चाहे वह मिनिमलिस्ट मॉडर्न हो या टाइमलेस क्लासिक। इनमें एर्गोनॉमिक डिज़ाइन और पानी के बहाव पर खास ध्यान दिया गया है। सेनेटरीवेयर श्रंखला में डब्ल्यूसी (वॉटर क्लोसेट), बेसिन (टेबलटॉप, वॉल हंग और काउंटरटॉप मॉडल), मैचिंग सेनेटरीवेयर सेट्स और सीट कवर्स की एक विस्तृत रेंज शामिल है। आई-सेंस के अंतरगत स्मार्ट सेंसर वाले टचलेस फॉसेट्स, सिंगल सुइट्स और यूरिनल्स उपलब्ध होगा एवं एडवांस्ड वॉटर डिलीवरी सिस्टम्स में अत्याधुनिक शॉवर्स और शॉवर सिस्टम्स, साथ ही हाई-परफॉर्मेंस वाले कंसील्ड सिस्टर्न्स, जो पानी की बचत करते हैं और इंस्टॉलेशन में बेहद आसान हैं और फंक्शनल और एक्सेसरी सुइट्स के अंतरगत किचन सिंक, वैनिटी कैबिनेट्स, प्रीमियम बाथरूम एक्सेसरीज़ और ज़रूरी हेल्थ फॉसेट्स—ये सब सेट्स में उपलब्ध हैं ताकि पूरे बाथरूम का लुक एक जैसा रहे। इतने बड़े पैमाने और मज़बूत इंजीनियरिंग के साथ, वाटरटेक ने प्रीमियम-मास सेगमेंट में लीडर बनने के अपने इरादे साफ कर दिए हैं।

## कांग्रेस का तीन दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन मांगे पूर्ण होने पर हुआ समाप्त





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पहली बार होने जा रहे नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन पर भाजपा जिलाध्यक्ष की रिपोर्ट पर आर्म्स एक्ट के तहत फर्जी एफआईआर दर्ज करने के विरोध में नगर थाना के बाहर तीन दिन से जारी धरना और आमरण अनशन तीन सूत्रीय मांग पूरी होने पर बुधवार को समाप्त गया है। अनशन पर बैठे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने एक-दूसरे को नारियल पानी पिलाकर अपना प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। विश्रामपुर थाना के बाहर कांग्रेस के द्वारा पिछले तीन दिनों से लगातार प्रदर्शन किया जा रहा था। मंगलवार को अनशन शुरू होते ही प्रशासनिक अधिकारियों से हुई सकारात्मक चर्चा में तीन सूत्रीय मांग पर निराकरण की सहमति के बाद कांग्रेस के नेताओं में प्रदर्शन समाप्त करने की सहमति बनी।

सकारात्मक चर्चा के बाद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने अपना भूख हड़ताल समाप्त किया। वहीं सरगुजा महाराज व पूर्व मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया है। जिले की प्रशासनिक टीम के साथ कांग्रेस के नेताओं के बीच बातचीत और मांग पूरी होने के बाद कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन की पत्नी मधु जैन के आवेदन पर देर रात भाजपा कार्यकर्ता मित्तल पांडेय निवासी कुमदा कालोनी व मुकेश साहू उर्फ छोटू निवासी सुरजपुर के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया गया है। वही नरेंद्र जैन के प्रकरण में आर्म्स एक्ट की धारा हटाने की मांग पर पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि नरेंद्र जैन पर दर्ज अपराध की जांच डीएसपी स्तर के अधिकारी द्वारा कराई जाएगी और निष्पक्ष जांच पूरी नहीं होने तक कोई गिरफ्तारी नही की जाएगी।। इसके अलावा विवेचना अधिकारी को भी हटा दिया गया है।

कांग्रेस नेता नरेंद्र जैन के खिलाफ दर्ज एफआईआर के मामले की जांच डीएसपी रैंक के अधिकारी के द्वारा की जाएगी। हालांकि, कांग्रेस नेता विश्रामपुर थाना प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे थे और नरेंद्र जैन के खिलाफदर्ज आर्म्स एक्ट के केस को वापस लेने की मांग कर रहे थे। लेकिन बीच का रास्ता निकालने के बाद अब कांग्रेस का प्रदर्शन यहां समाप्त हो गया है। विश्रामपुर में कल थाना के बाहर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी पहुंचे हुए थे।

**भूपेश बघेल ने मंच से पुलिस अधिकारियों को चेताया,,,,** भूपेश बघेल ने मंच से पुलिस के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि, हमारी सरकार आएगी तो इस तरीके से काम करने वाले पुलिस अफसर और पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही भी होगी। भूपेश बघेल के साथ दीपक बैज और टीएस सिंहदेव के अलावा तमाम पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व विधायक एक मंच में दिखाई दिए थे। प्रशासन की ओर से एसडीएम शिवानी जायसवाल और एडिशनल एसपी योगेश देवांगन ने मामले में समझौता कराया।

**जय बीरू की जोड़ी एक साथ दिखने से कार्यकर्ता उत्साहित,,,,** नरेंद्र जैन प्रकरण में जय बीरू की जोड़ी एक साथ दिखने और उनके बीच आपसी गुफ्तगूं से कार्यकताओं में उत्साह नजर आया। सरगुजा महाराज टीएस सिंहदेव की वाहन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बैठने के कई मायने निकाले जा रहे है। इस आंदोलन में कांग्रेस एकजुट नजर आई। इस अनशन के शुरू होने से आंदोलन का विस्तार करने कांग्रेस के प्रदेश संगठन ने 28 मई को छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करने की घोषणा कर थी। वही इस आंदोलन में प्रदेश भर के आला नेता शामिल होने पहुंचे थे।

**नेताओ ने किया रोड शो, उमड़ी थी भारी भीड़,,,,** ईधर आंदोलन में शामिल नेताओ ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में नगर के अंबेडकर चौक से मेन मार्केट होते हुए रोड शो किया और स्थानीय बस स्टैंड में विशाल सभा कर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही नगर पंचायत वासियों को आश्वस्त किया कि नगर में कांग्रेस की सरकार बनने से सर्वांगीण विकास होगा। आंदोलन में जिलाध्यक्ष शशि सिंह समेत वरिष्ठ नेता सुभाष गोयल, आदित्येश्वर सिंहदेव, शफी अहमद, जिला महामंत्री संजय डोशी, रमेश दनौदिया, अखिलेश प्रताप सिंह, सुनील अग्रवाल, नवीन जायसवाल, मेहंदी यादव, बलराम शर्मा, रामचन्द्र यादव, पवन अग्रवाल के अलावा जिला और प्रदेशभर के आला नेताओ की टीम और स्थानीय कार्यकर्ता शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सैमसंग ने भारत में 2026 विज़न एआई टीवी लाइनअप पेश किया, माइक्रो आरजीबी, ओएलईडी, नियो क्यूएलईडी, द फ्रेम, मिनी एलईडी और यूएचडी टीवी में 72 मॉडल लॉन्च

**गुरुग्राम:** सैमसंग इंडिया ने आज अपने पूरे 2026 विज़न एआई टीवी लाइनअप के लॉन्च की घोषणा की, जिसमें माइक्रो आरजीबी, ओएलईडी, नियो क्यूएलईडी, द फ्रेम, मिनी एलईडी और यूएचडी टीवी शामिल हैं। इस लॉन्च के साथ सैमसंग अपने सभी मॉडलों में एआई-पावर्ड फीचर्स का विस्तार कर रहा है, जिससे भारत में ज्यादा उपभोक्ताओं को बेहतर तस्वीर, बेहतर साउंड और ज्यादा पर्सनलाइज्ड देखने का अनुभव मिलेगा। सैमसंग लगातार 20 वर्षों से दुनिया का नंबर 1 टीवी ब्रांड बना हुआ है। सैमसंग के 4K और उससे ऊपर के टीवी लाइनअप में विज़न एआई कंपेनियन (वीएसी) फीचर्स का यह विस्तार इस बात को दिखाता है कि कंपनी टीवी अनुभव में एआई को केंद्र में रखने पर जोर दे रही है। इसके जरिए एआई-पावर्ड देखने का अनुभव अब ज्यादा कैटेगरी, अलग-अलग स्क्रीन साइज़ और उपभोक्ताओं की जरूरतों तक पहुंच रहा है। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट विप्लेश डांग ने कहा, हमारे नए विज़न एआई टीवी स्थानीय कंटेंट प्लेटफॉर्म्स के साथ बिना किसी रुकावट के इंटीग्रेशन देते हैं, मल्टीलिंगुअल सपोर्ट को और बेहतर बनाते हैं और भारत के अलग-अलग घरों के माहौल के हिसाब से ऊर्जा-कुशल समाधान पेश करते हैं।

**माइक्रो आरजीबी: प्रीमियम पिक्चर क्वॉलिटी का भविष्य-** भारत में माइक्रो आरजीबी की शुरुआत के साथ सैमसंग अपने प्रीमियम टीवी अनुभव को ज्यादा स्क्रीन साइज तक पहुंचा रहा है, जिससे ज्यादा उपभोक्ताओं को बेहद सटीक रंग, बेहतर ब्राइटनेस और एआई-पावर्ड इमर्सिव देखने का अनुभव मिलता है। यह R95H और R85H सीरीज में 55 इंच से 115 इंच तक के साइज में उपलब्ध है। माइक्रो आरजीबी सैमसंग की अपनी टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जिसमें अलग-अलग कंट्रोल किए जाने वाले रेड, ग्रीन और ब्लू माइक्रो एलईडी का इस्तेमाल होता है। इससे लाइट पर बहुत सटीक कंट्रोल मिलता है, डिटेल ज्यादा साफ दिखती है और रंग ज्यादा प्राकृतिक नजर आते हैं।

### स्वाद का सुपरस्टार पुष्प ब्रांड ने आईपीओ के लिए आवेदन किया, नए मिश्रणों और वीएएस उत्पादों के साथ पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना

भारत की सबसे तेजी से बढ़ती पैकेज्ड मसाला कंपनियों में से एक पुष्प ब्रांड (इंडिया) लिमिटेड ने प्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। इस इश्यू में सुरेंद्र कुमार सुराना और महेंद्र कुमार सुराना (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) सहित मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 7,445,000 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल है। साथ ही ए91 इमर्जिंग फंड आई एलएलपी और सिक्स्थ सेंस इंडिया अपॉर्चुनिटीज III (इन्वेस्टर सेलिंग शेयरधारक) भी शामिल हैं। ए91 इमर्जिंग फंड आई एलएलपी ने 2020 में कंपनी में लगभग 125 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इसकी कंपनी में 20.14 प्रतिशत हिस्सेदारी है और वह इस ऑफर के माध्यम से अपनी हिस्सेदारी का केवल एक हिस्सा बेच रही है। इसी तरह सिक्स्थ सेंस इंडिया अपॉर्चुनिटीज III ने 2023 में लगभग 101 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इसकी 7.81 प्रतिशत हिस्सेदारी है और वह भी इस ऑफर के तहत अपनी हिस्सेदारी का केवल एक हिस्सा बेच रही है। 1974 में मध्य प्रदेश के इंदौर में स्वर्गीय किशनलाल सुराना द्वारा मेसर्स मुनीमजी एंड संस के रूप में स्थापित यह कंपनी एक पारंपरिक क्षेत्रीय मसालों के व्यवसाय से विकसित होकर पुष्प और मुनीमजी ब्रांडों के तहत संचालित होने वाले एक बड़े पैकेज्ड मसालों और खाद्य पदार्थों के व्यवसाय के रूप में विकसित हुई है। पिछले कुछ वर्षों में कंपनी ने शुद्ध मसालों से लेकर मिश्रित मसालों, हींग और संबंधित श्रेणियों तक अपना विस्तार किया है, साथ ही एक मजबूत क्षेत्रीय फ्रेंचाइजी और राष्ट्रीय वितरण नेटवर्क भी स्थापित किया है। कंपनी ने पुष्प ब्रांड को शुद्धता, स्वाद और भरोसे के आधार पर स्थापित किया है, और पश्चिम और मध्य भारत में बढ़ते वितरण नेटवर्क के समर्थन से मध्य प्रदेश से बाहर महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे प्रमुख बाजारों में उपस्थिति का लगातार विस्तार किया है। वित्त वर्ष 2026 में मसालों की श्रेणी में इसकी पुन: खरीद 95 प्रतिशत से अधिक और अन्य उत्पादों में 83 प्रतिशत से अधिक रही।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर, गुरुवार 28 मई 2026

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com





## संपादकीय

### विजय के उदय की पृष्ठभूमि

टीवीके के संस्थापक विजय खुद को पेरियार की विरासत से जोड़ते हैं और भारतीय संविधान को अपनी आस्था का दस्तावेज मानते हैं। इस रूप कहा जा सकता है कि तमिलनाडु ने सिर्फ चेहरा बदला है, राजनीतिक विचारधारा नहीं। तमिलनाडु में 59 साल बाद ऐसा हुआ है, जब वहां द्रविड़ मुनेत्र कड़गम या अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के अलावा कोई पार्टी कोई सत्ता की दावेदार बनी है। 1967 में पहली बार डीएमके सत्ता में आई। 1972 में एमजी रामचंद्रन ने इससे अलग होकर एडीएमके का गठन किया। 1967 से 2021 तक डीएमके ने सात बार और एडीएमके ने पांच बार सरकार बनाई। मगर 2026 में ये सिलसिला टूटने जा रहा है। चंद्रशेखर जोसेफ विजय पहले ही दांव में अपनी पार्टी टीवीके- तमिल वेट्री कड़गम (तमिल विजय संघ)- को सबसे बड़ा दल बनवाने में सफल रहे हैं। फिल्म अभिनेता के रूप में सफल करियर के बाद राजनीति में आए 51 वर्षीय विजय ने 2024 में टीवीके का गठन किया। वे खुद को ईवी रामास्वामी नायकर पेरियार की विरासत से जोड़ते हैं और भारतीय संविधान को अपनी आस्था का दस्तावेज मानते हैं। इस रूप कहा जा सकता है कि तमिलनाडु ने सिर्फ चेहरा बदला है, राजनीतिक विचारधारा नहीं। जयललिता की मृत्यु के बाद एडीएमके के पास वैसे भी कोई लोकलुभावन चेहरा नहीं बचा है। इसके बावजूद इस चुनाव में पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है, तो यह संभवत: राज्य में मौजूद एंटी इन्कबेंसी (डीएमके सरकार से असंतोष) का परिणाम है। लंबे समय से परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों के दाग डीएमके की छवि पर रहे हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुजरे पांच साल में अपनी राजनीति को हिंदुत्व और हिंदी विरोध पर केंद्रित रखा। मगर जन आंकाक्षाओं के मोर्चे पर वे खरे नहीं उतरे। इससे विजय के उदय की पृष्ठभूमि बनी। बड़ी संख्या में मतदाताओं ने नए चेहरे पर दांव लगाने का मन बनाया। वैसे नीति या कार्यक्रम के मामले में विजय ने भी कुछ नया पेश नहीं किया है। उनका चुनाव घोषणापत्र भी प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण, दुल्हनों को आठ ग्राम सोना जड़ित सिल्क साड़ी देने, 200 यूनिट फ्री बिजली, किसानों की पांच लाख रुपये तक की कर्ज माफी और तमिलनाडु को 2023 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने जैसे बड़बोले वादों से भरा-पड़ा है। यानी तमिलनाडु में नए चेहरे की सदारत में भी लोकलुभावन- यानी वोट खरीदी- की पुरानी सियासत जारी रहेगी।

# सुशासन से संवरता छत्तीसगढ़-विकसित भारत का नया रोल मॉडल

**विष्णु प्रसाद वर्मा / सहायक संचालक जनसंपर्क**

छत्तीसगढ़ की माटी में इन दिनों विकास और सुशासन की एक नई बयार बह रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य ने प्रगति की एक ऐसी छलांग लगाई है, जो न केवल छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल रही है, बल्कि इसे देश के नक्शे पर विकसित भारत का एक चमकता हुआ रोल मॉडल भी बना रही है। केंद्र की दूरदर्शी नीतियों और राज्य सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति के मेल से छत्तीसगढ़ में आज डबल इंजन की सरकार धरातल पर साफ महसूस की जा रही है। विकास की इस नई इबारत में समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की खुशहाली सबसे ऊपर है।








### गरीब का अपना घर :पहली प्राथमिकता, ठोस कदम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सत्ता संभालते ही सबसे पहला और ऐतिहासिक फैसला समाज के सबसे कमजोर तबके के हक में लिया किया वह था हर गरीब को अपना पक्का मकान देना। सरकार बनते ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को जो रफ्तार मिली, उसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। हाल ही में मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से एक ही क्लिक में 3 लाख लाभार्थियों के खातों में 1,200 करोड़ रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई। सिर्फ गाँव ही नहीं, बल्कि PMAY-U 2.0 के जरिए शहरी और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को भी बड़ी राहत दी गई है। पुरानी विसंगतियों और तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए पूरी व्यवस्था में MIS Integration (प्रशासनिक और तकनीकी सुधार) लागू किया गया है, ताकि बिना किसी बिचौलिए और देरी के हर हकदार को उसका घर मिल सके।

### केंद्र का साथ और छत्तीसगढ़ को ऐतिहासिक सौगात

मुख्यमंत्री साय के रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर केंद्र सरकार ने भी अपनी मुहर लगाई है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शी शासन का ही नतीजा है कि केंद्र ने छत्तीसगढ़ को 4,400 करोड़ रुपये की विशेष सहायता मंजूर की है, जो देश के किसी भी राज्य को मिली अब तक की सबसे बड़ी प्रोत्साहन राशि है। इसके साथ ही, केंद्रीय बजट 2026-27 में छत्तीसगढ़ के लिए करीब 52 हजार करोड़ रुपये के भारी-भरकम वित्तीय सहयोग की घोषणा की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4,500 करोड़ रुपये अधिक है। यह भारी आवंटन राज्य के बुनियादी ढांचे के कायाकल्प के लिए गेम-चेंजर साबित होने वाला है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल कनेक्टिविटी का स्वर्णिम युग

छत्तीसगढ़ आज सड़कों, ऊर्जा और डिजिटल क्रांति के एक नए दौर से गुजर रहा है। राज्य में सड़कों का जाल बिछता जा रहा है। राज्य में 3,153 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण तेजी से चल रहा है। लगभग 4,500 करोड़ रुपये की लागत से रायपुर-विशाखापत्तनम और रायपुर-रांची जैसे इकोनॉमिक कॉरिडोर पर काम युद्ध स्तर पर जारी है। साथ ही केंद्रीय सड़क निधि (CRIF) से 664 करोड़ रुपये की लागत से जिला मार्गों को सुधारा जा रहा है।

### ऊर्जा और डिजिटल हाईवे

दूरदराज के अंचलों में सौर ऊर्जा और माइक्रो-ग्रिड के माध्यम से निर्बाध बिजली पहुँचाई जा रही है। वहीं, डिजिटल इंडिया के तहत बस्तर जैसे संवेदनशील और सुदूर क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड और बीएसएनएल (BSNL)नेटवर्क का जाल बिछाया गया है, जिससे गाँवों में भी शिक्षा, बैंकिंग और ई-कॉमर्स की सुविधाएं आम हो गई हैं।

### राष्ट्रीय पटल पर छत्तीसगढ़ का गौरव

साय सरकार के जमीन से जुड़े कामकाज की गूंज देश की राजधानी तक सुनाई दे रही है। राज्य को उसकी उत्कृष्ट योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को एक साथ 12 राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दिए गए हैं, जिनमें प्रतिष्ठित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार भी शामिल है। मनरेगा, स्वास्थ्य और लघु वनोपज संग्रहण जैसे क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन के लिए राज्य ने 10 अन्य राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करते हुए आयुष्मान भारत योजना को और प्रभावी बनाया गया है, साथ ही राज्य के 5 जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों के जरिए चिकित्सा तंत्र को आधुनिक रूप दिया जा रहा है।

### निवेश, उद्योग और युवाओं की नई उड़ान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उद्योग-अनुकूल नीतियों और सिंगल-विंडो सिस्टम ने निवेशकों में एक नया भरोसा जगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य को 34,427 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी गई है। स्टील और माइनिंग के पारंपरिक उद्योगों के साथ-साथ अब छत्तीसगढ़ में खाद्य-प्रसंस्करण और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारी निवेश आ रहा है। यह नया औद्योगिक माहौल राज्य के युवाओं के लिए केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि उनके हुनर के मुताबिक कौशल-युक्त और स्थायी रोजगार के नए रास्ते खोल रहा है।

### एक समृद्ध और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आज सिर्फ खनिज और उद्योगों की रीढ़ नहीं रह गया है, बल्कि यह अंत्योदय (अंतिम व्यक्ति के उदय) की भावना को सच करने वाला राज्य बन चुका है। तमाम प्रशासनिक चुनौतियों को मात देते हुए साय सरकार ने ग्रामीण आत्मनिर्भरता, शहरी आधुनिकता और युवाओं के सपनों को एक नया आसमान दिया है। केंद्र सरकार के मजबूत सहयोग और मुख्यमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर छत्तीसगढ़ आत्मविश्वास के साथ विकसित भारत के अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

## आलेख

### नौतपा का प्रकोप : बचाव ही उपाय

**कमल नैन नारंग**



नौतपा 2026 के कारण उत्तर और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है, जिससे उच्च तापमान, गर्म हवाएं और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं दैनिक जीवन और बाहरी गतिविधियों को प्रभावित करेंगी

जैसे-जैसे उत्तर भारत मौसम के सबसे गर्म दौर में प्रवेश कर रहा है, ध्यान एक बार फिर 'नौटापा' की ओर गया है, जो तीव्र गर्मी से जुड़ी पारंपरिक नौ दिवसीय अवधि है। हिंदी शब्दों 'नौ' (नौ) और 'तप' (गर्मी) से व्युत्पन्न यह शब्द लंबे समय से रोहिणी नक्षत्र के माध्यम से सूर्य की गति से जुड़ा हुआ है

हिंदू कैलेंडर के वे 9 सबसे गर्म दिन होते हैं जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है? इस दौरान सूर्य पृथ्वी के सबसे करीब होता है और विशेष रूप से राजस्थान की लोककथाओं में अंतर्निहित है।

उत्तर भारत इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है. इसी बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में भीषण लू और सीवियर हीटवेव का अलर्ट जारी किया है. दूसरी ओर 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो चुकी है और अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है.

मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इस जानलेवा गर्मी का सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में देखा जा रहा है, जहां चंद्रपुर के ब्रह्मपुरी इलाके में सोमवार को 47.6एष्ट अधिकतम तापमान के साथ देश का सबसे गर्म स्थान दर्ज किया गया है. नागपुर में 46.5एष्ट, भंडारा और गढ़चिरौली में 46.4एष्ट, गोंदिया में 46.1एष्ट, जबकि चंद्रपुर और वर्धा में 46एष्ट तापमान रिकॉर्ड किया गया. अकोला में 45.4एष्ट और अमरावती में 45एष्ट तापमान रहा

यद्यपि यह अवधि परम्परा पर आधारित है, लेकिन अक्सर यह वर्ष के मानसून-पूर्व के चरम तापमान के साथ मेल खाती है, जिससे यह न केवल मौसम विशेषज्ञों के लिए बल्कि स्वास्थ्य अधिकारियों और कृषि समुदायों के लिए भी चिंता का विषय बन जाता है।

#### बचाव और सावधानियां


धूप से बचें: दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें.

हाइड्रेटेड रहें: पर्याप्त मात्रा में पानी, शिकंजी, नारियल पानी, छाछ, और सत्तू का सेवन करते रहें.

सुरक्षा: यदि बाहर जाना जरूरी हो, तो हल्के और सूती (cotton) कपड़े पहनें, सिर को टोपी या छाते से ढकें, और पूरे कपड़े पहनें। स्वास्थ्य का ध्यान: छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें

# ग्रामीण भारत में जल शासन.....सहभागी जल बजटिंग के जरिए समुदायों का सशक्तीकरण

भारत में जल संकट केवल संसाधनों की कमी का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि यह कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जलवायु अनुकूलन और सतत विकास से जुड़ी एक गंभीर चुनौती बन चुका है। बढ़ती जनसंख्या, असमान वर्षा वितरण, भूजल दोहन और जलवायु परिवर्तन ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रबंधन को और अधिक जटिल बना दिया है। ऐसे समय में जल बजटिंग एक प्रभावी और सहभागी समाधान के रूप में उभरकर सामने आई है, जो समुदायों को जल संसाधनों के वैज्ञानिक और संतुलित उपयोग के लिए सक्षम बना रही है। जल शक्ति मंत्रालय और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा संचालित पहलें यह दर्शाती हैं कि यदि स्थानीय समुदायों को जल प्रबंधन में सहभागी बनाया जाए तो जल संकट का दीर्घकालिक समाधान संभव है। अटल भूजल योजना, राष्ट्रीय जल मिशन, जलयुक्त शिवर अभियान और राजस्थान का मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान इसके सफल उदाहरण हैं।




### जल संसाधनों पर बढ़ता दबाव

केंद्रीय जल आयोग के अध्ययन के अनुसार भारत में औसतन प्रतिवर्ष लगभग 3880 अरब घन मीटर वर्षा होती है। प्राकृतिक क्षति और वाष्पीकरण के बाद देश में औसत वार्षिक जल उपलब्धता लगभग 1999 अरब घन मीटर आंकी गई है। हालांकि, बढ़ती आबादी के कारण प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता लगातार घट रही है। विश्व की लगभग 17.5 प्रतिशत आबादी और 11.6 प्रतिशत पशुधन भारत में है, जबकि जल संसाधन सीमित हैं। ग्रामीण भारत में उपलब्ध जल का लगभग 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा कृषि में उपयोग होता है। ऐसे में भूजल स्तर में गिरावट और जल संकट की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है।

### क्या है जल बजटिंग

जल बजटिंग का अर्थ किसी गांव, ब्लॉक, जलग्रहण क्षेत्र या जिले में उपलब्ध जल और उसकी मांग का वैज्ञानिक आकलन करना है। इसमें वर्षा, भूजल पुनर्भरण, सतही जल, बहाव, वाष्पीकरण और विभिन्न उपयोगों की जल मांग को शामिल किया जाता है। यह प्रक्रिया केवल गणना तक सीमित नहीं है, बल्कि जल के स्रोतों, मौसमी बदलावों और मानव गतिविधियों के प्रभाव को समझने का माध्यम भी है। इसके आधार पर कृषि, घरेलू उपयोग, पशुपालन और अन्य गतिविधियों के लिए संतुलित जल आवंटन संभव हो पाता है।

### कृषि और पशुपालन में सहायक

राष्ट्रीय एकीकृत जल संसाधन विकास आयोग के अनुसार वर्ष 2050 तक सिंचाई के लिए पानी की मांग 807 बिलियन क्यूबिक मीटर तक पहुंच सकती है। ऐसे में जल बजटिंग किसानों को स्थानीय जल उपलब्धता के अनुरूप फसल चयन और सिंचाई पद्धति अपनाने में मदद करती है। नाबार्ड समर्थित पहलों से यह स्पष्ट हुआ है कि जल उपलब्धता के अनुसार फसल योजना बनाने से जोखिम कम होता है और उत्पादकता बढ़ती है। ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई, मल्चिंग और फसल विविधीकरण जैसी तकनीकों को बढ़ावा देकर जल उपयोग दक्षता में सुधार लाया जा रहा है। भारत में पशुधन की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2019 की पशुधन गणना के अनुसार पशुओं की संख्या बढ़कर लगभग 53.6 करोड़ हो गई। इससे पशुओं के लिए पानी और चारे की मांग भी बढ़ी है। जल बजटिंग इन आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखकर समग्र जल प्रबंधन सुनिश्चित करती है।

### अटल भूजल योजना से बदली तस्वीर

वर्ष 2019 में शुरू की गई अटल भूजल योजना भूजल संकट वाले सात राज्यों के 229 ब्लॉकों में लागू की गई। इस योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर जल बजट तैयार किए जा रहे हैं और स्थानीय समुदायों को जल संरक्षण गतिविधियों से जोड़ा गया है। मार्च 2026 तक लगभग 81,700 जल संरक्षण और पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण या जीर्णोद्धार किया जा चुका है। योजना के तहत 8,203 जल बजट तैयार किए गए हैं। इसके साथ ही 1.25 लाख से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाया गया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप 229 में से 180 ब्लॉकों में भूजल स्तर में सुधार दर्ज किया गया है। यह दर्शाता है कि सहभागी जल प्रबंधन किस प्रकार सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

### हिवरे बाजार बना प्रेरणा मॉडल

हिवरे बाज़ार गांव आज देश में सामुदायिक जल प्रबंधन का सफल उदाहरण बन चुका है। कभी सूखे और जल संकट से जूझने वाला यह गांव अब जल आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गया है। ग्राम सभा स्तर पर वार्षिक जल बजट तैयार कर किसानों को उपलब्ध पानी के अनुसार फसल चयन के लिए प्रेरित किया गया। भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकने के लिए गहरे बोरवेल पर प्रतिबंध लगाया गया। वर्षा जल संचयन और जलग्रहण विकास जैसे उपायों ने गांव की तस्वीर बदल दी। इस मॉडल से प्रेरित होकर महाराष्ट्र सरकार ने अपनी सूखा-रोधी रणनीति में जल बजटिंग को शामिल किया है और हर वर्ष हजारों गांवों को जल सुरक्षित बनाने का लक्ष्य रखा है।

### महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान महिलाओं को जल संरक्षण और प्रबंधन में सक्रिय भूमिका दे रहा है। स्वयं सहायता समूहों और ग्राम जल समितियों के माध्यम से महिलाएं जल शासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रही हैं। उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले में जल जीवन मिशन के तहत 1,600 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। महिला नेतृत्व वाली समितियां गांवों में जल संरक्षण और स्वच्छता अभियान चला रही हैं।

### राजस्थान का सामुदायिक मॉडल

राजस्थान में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत फोर वाटर्स कॉन्सेप्ट आधारित जल संरक्षण मॉडल लागू किया गया। इसमें वर्षा जल, भूजल, मिट्टी की नमी और सतही जल के संरक्षण पर जोर दिया गया। ग्राम सभा स्तर पर जल बजटिंग को संस्थागत रूप देने से समुदाय स्वयं जल उपलब्धता का आकलन कर विभिन्न जरूरतों के लिए जल आवंटन तय कर रहे हैं। इस पहल से भूजल स्तर में वृद्धि, मिट्टी की उर्वरता में सुधार और लाखों लोगों तथा पशुओं के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

### तकनीक से आसान हुआ जल प्रबंधन

वरुणी वेब एप्लीकेशन जैसी डिजिटल तकनीकें जल बजटिंग को और अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बना रही हैं। यह प्लेटफॉर्म वर्षा, फसल पैटर्न, भूमि उपयोग और जनसंख्या से संबंधित सरकारी डेटा का उपयोग कर ब्लॉक स्तर पर जल बजट तैयार करता है। इस तकनीक की सहायता से स्थानीय प्रशासन जल की कमी या अधिकता का सटीक आकलन कर सकता है और आवश्यक कदम उठा सकता है। इससे जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और कुशल सिंचाई पद्धतियों को बढ़ावा मिल रहा है।

### जलयुक्त शिवर अभियान की सफलता

महाराष्ट्र सरकार का जलयुक्त शिवर अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। वर्ष 2014 में शुरू किए गए इस अभियान के तहत जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और ग्राम स्तर पर जल बजटिंग को बढ़ावा दिया गया। अभियान के परिणामस्वरूप 11 हजार से अधिक गांवों को सूखा मुक्त घोषित किया गया है। कई क्षेत्रों में भूजल स्तर में 1.5 से 2 मीटर तक वृद्धि दर्ज की गई और कृषि उत्पादकता में 30 से 50 प्रतिशत तक सुधार हुआ है।

### सामुदायिक भागीदारी से मजबूत होगा जल भविष्य

जल संकट से निपटने के लिए केवल सरकारी योजनाएं पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए समुदाय आधारित, डेटा-आधारित और सहभागी दृष्टिकोण आवश्यक है। जल बजटिंग गांवों को अपनी जल आवश्यकताओं और उपलब्ध संसाधनों के बीच संतुलन स्थापित करने की क्षमता प्रदान करती है।हिवरे बाजार जैसे मॉडल और अटल भूजल योजना जैसी पहलकदमियां यह सिद्ध करती हैं कि स्थानीय भागीदारी, नीति समर्थन और तकनीक के समन्वय से जल संकट वाले क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। दीर्घकालिक जल सुरक्षा, कृषि संवहनीयता और ग्रामीण विकास सुनिश्चित करने के लिए जल बजटिंग को ग्राम स्तर से लेकर राष्ट्रीय योजना निर्माण तक संस्थागत रूप देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है।

## रीवा में हुई दुर्घटना के दोषी असामाजिक तत्वों को दंडित किया जाए

- साधुओं के प्रभाव, संयम, त्याग, व आशीष से शांति का वातावरण: आचार्य विशद सागर महाराज



**पदमपुरा /जयपुर।** परम पूज्य दिगंबर आचार्य श्री विशद सागर जी महाराज संघ सहित पदमपुरा, जयपुर में विराजमान हैं। प्रात: कालीन दिनचर्या में आचार्य श्री जाप,पूजा, अभिषेक व विश्व शांति के लिए शांति धारा कराई। 27 मई को प्रात: 7ः00 बजे संजय ठोलिया संयुक्त मंत्री मन्दिर प्रबन्ध समिति व संयोजक मुनि व्यवस्था समिति,गायत्री नगर जयपुर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल आचार्य श्री के दर्शन कर पाद् प्रक्षालन किया।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने मध्य प्रदेश रीवा में हुई घटना के क्रम में चिंता प्रकट करते हुए आचार्य श्री से चर्चा की, आचार्य श्री ने कहा कि जैन सिद्धांत सबसे प्राचीन, शांति प्रिय धर्म है। प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से भगवान महावीर तक तीर्थंकरों ने निर्गंथ रहकर, श्रमण बनकर, व्रतों को धारण कर अपने कर्मों का नाशकर मोक्ष प्राप्त किया, उसी क्रम में वर्तमान साधु,आचार्य, आर्यिकायें इसी मार्ग पर निर्गंथ रहकर अपनी साधना कर रहे हैं. संतों की सुरक्षा व्यवस्था,जीवन, श्रावकों व सरकारों के हाथ में है। प्रशासन अल्पसंख्यकों के लिए संरक्षण प्रदान करें।

असामाजिक व गलत कार्य करने वाले को सरकार दंडित करें ताकि रीवा मध्य प्रदेश जैसी घटनाएं नहीं हो पाए। श्रावकों का कर्तव्य है कि प्रशासन को साधु संतों के विहार आदि के समय सूचित करे। प्रशासन साधुओ की सुरक्षा करे।

## पक्षियों के लिए निःशुल्क सकोरे वितरित कर रहा मनोहर परिवार

- भीषण गर्मी में जीव दया और जल सेवा का दिया संदेश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मनोहर परिवार द्वारा लोगों से घर, दुकान और छतों पर जल पात्र रखने की अपील की गई है। इस अभियान के तहत पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे नि:शुल्क वितरित किए जा रहे हैं। मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन ने बताया कि गर्मी में पानी की कमी के कारण कई पक्षी परेशान होते हैं और एक छोटा जल पात्र भी उनके लिए जीवनदान साबित हो सकता है। सकोरे मनोहरा साड़ीज़, शॉप नंबर-2, महालक्ष्मी मार्केट, पंडरी से नि:शुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। लोगों से अपील की गई है कि वे प्रतिदिन सकोरे में स्वच्छ पानी भरें, ताकि पक्षियों को गर्मी से राहत मिल सके।



उनका कहना है कि यह अभियान जीव दया, सेवा और करुणा की भावना से जुड़ा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस पहल में शामिल होकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने की अपील की। संदेश में कहा गया कि एक सकोरा कई पक्षियों का सहारा बन सकता है और छोटी सी पहल भी मूक प्राणियों के लिए अमृत समान साबित हो सकती है।

## धार्मिक नगरी आरंग में मिलीं 150 वर्ष पुरानी दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियां

- अधिकारियों ने भरी दोपहरी में पहुंचकर किया अवलोकन



**आरंग (विश्व परिवार)।** बुधवार को धार्मिक और पौराणिक नगरी आरंग में ज्ञानभारतम महाअभियान के तहत एक बड़ी और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक सफलता हाथ लगी है। नगर के ब्राह्मण पारा निवासी पूर्व पार्षद प्रद्युम्न शर्मा (पुत्र स्वर्गीय कृष्ण कुमार शर्मा) के पैतृक आवास से लगभग 150 वर्ष से अधिक पुरानी दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियां और अनेक पुरानी पोथियां मिली हैं। ये अमूल्य धरोहर उनके दादा स्वर्गीय भगवताचार्य मन्नूलाल पौराणिक के समय की हैं, जिन्हें परिवार के लोगो ने आज भी बेहद सुरक्षित ढंग में सहेज कर रखा है। जिसमें हस्तलिखित एकादशी माहात्म्य, रुद्राष्टाध्याय, साखोचार , जगन्नाथ भजन एवं 1872 से 1874 अंतराल की अनेक दुर्लभ पोथियां शामिल है।

रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह,जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन एवं नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के कुशल निर्देशन में चल रहे %ज्ञानभारतम महाअभियान% के तहत् प्रशासनिक टीम ने भरी दोपहरी में मौके पर पहुंचकर इन हस्तलिखित पांडुलिपियों का गहनता से अवलोकन किया। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिलाषा पैकरा, तहसीलदार ज्योति मसियारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाखेश्वर रात्रे व सर्वेक्षण टीम से नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल और अरविन्द कुमार वैष्णव उपस्थित होकर अभिलेखों का संकलन व डिजिटलीकरण किया। वहीं एसडीएम पैकरा ने सर्वेक्षण टीम की प्रयासो को सराहना करते हुए संरक्षक प्रद्युम्न शर्मा का आभार जताया।

## राजस्थान से राज्य सभा में प्रतिनिधित्व देने के लिए जैन समाज ने की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात

**जयपुर (विश्व परिवार)।** राजस्थान से राज्यसभा के लिए संभावित प्रत्याशी के संदर्भ में बुधवार सायंकाल जैन समाज के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से मुलाकात की। यह मुलाकात सकल जैन समाज, जयपुर के तत्वावधान में समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों द्वारा की गई।



इसमें श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र, राजस्थान जैन सभा, राजस्थान जैन युवा महासभा, जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन , श्री जैन श्वेताम्बर संघ , श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ , श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा , अणुविभा जयपुर केंद्र , श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ , जैन विश्व भारती आदि संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने श्री राठौड़ के समक्ष जैन समाज की भावनाओं को रखते हुए आग्रह किया कि वर्तमान में राजस्थान से राज्यसभा में जैन समाज का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

## पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का 62 वीं पुण्यतिथि पर किया सादर नमन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज भारत गणराज्य के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 62 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन करने राजधानी शहर रायपुर में जीई मार्ग स्थित नगर निगम के गांधी उद्यान परिसर स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 4 के सहयोग से संक्षिप्त पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया।



पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती संजना संतोष हियाल ने भारत गणराज्य के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को प्रतिमा स्थल पर उनकी 62 वीं पुण्यतिथि पर सादर नमन किया।

## मीसा बंदियों के आश्रितों को पेंशन देना जनता के धन की बर्बादी है : कांग्रेस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान नियम 2026 के तहत मीसाबंदियों के आश्रितों को पेंशन देने के निर्णय पर सवाल उठाते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि जब स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो के आश्रितो को पेंशन नहीं मिलता तो मिसा बंदियो के परिजनों को पेंशन देना कहां तक उचित है?

भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ को संघियो का चारागाह बनाया जा रहा है, सरकारी खजाने को संघ समर्थित मीसा बंदियों पर लुटाने के बाद अब उनके आश्रितों पर मेहरबानी दिखा रही है सरकार। मीसाबंदी राजनीतिक रूप से सरकार का विरोध कर रहे थे। उन्हें पेंशन देने के बाद अब उनके आश्रितों को भी पारिवारिक पेंशन देने की क्या आवश्यकता? क्या जनता की गाढ़ी कमाई भाजपा के समर्थित लोगों पर खर्च करने के लिये है? प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पंचायतों को मूलभूत सुविधाओं के लिए राशि नहीं दी जा रही, नगरीय निकाय फंड की कमी से जूझ रहे हैं, अनियमित और संविदा कर्मचारी नौकरी से निकाले जा रहे।

## सम्मान व्यक्ति का नहीं, उसके व्यक्तित्व और गुणों का होता हैः मुनि श्री प्रज्ञानसागर जी महाराज

**'वाक्केशरी' सम्मान से अलंकृत हुए ब्र. जयकुमार निशान्त, पं. विनोद रजवांस एवं डॉ. सुनील संचय**




**अजमेर।** परम पूज्य आचार्य श्री विनिश्चयसागर जी महाराज के दशम आचार्य पदारोहण दिवस के पावन अवसर पर राजस्थान के सावर, अजमेर में रविवार, 24 मई 2026 को एक भव्य पुरस्कार अलंकरण समारोह श्रद्धा एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। समारोह में प्रतिष्ठाचार्य ब्र. जयकुमार जी निशान्त (टीकमगढ़), प्रतिष्ठाचार्य पंडित विनोद कुमार जी रजवांस तथा युवा मनीषी डॉ. सुनील जैन जी संचय (ललितपुर) को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक अवदान के लिए प्रतिष्ठित 'वाक्केशरी सम्मान' से सम्मानित किया गया।

यह गरिमामयी आयोजन मुनि श्री प्रज्ञानसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री प्रसिद्धसागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। सावर जैन समाज द्वारा सम्मानित विद्वानों को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न, शाल, श्रीफल, अंगवस्त्र एवं सम्मान राशि भेंट कर अभिनंदित किया गया।

इस अवसर पर अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में मुनि श्री प्रज्ञानसागर जी महाराज ने कहा कि सम्मान किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि उसके व्यक्तित्व, संस्कारों और गुणों का होता है। आज जिन विद्वानों का सम्मान हुआ है, वह उनके भीतर विद्यमान साहित्यिक, सांस्कृतिक और मानवीय मूल्यों का सम्मान है।

उन्होंने आचार्य श्री विनिश्चयसागर जी महाराज के आचार्य पदारोहण दिवस पर भावपूर्ण शब्दों में कहा कि मेरे गुरु ही मेरे सबकुछ हैं। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में एक गुरु का होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि गुरु ही जीवन को दिशा और दृष्टि प्रदान करते हैं।

मुनि श्री प्रसिद्धसागर महाराज ने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का व्यक्ति रील के लिए अधिक जी रहा है, रियल जीवन के लिए नहीं। यदि जीवन में वास्तविक सुख और कल्याण चाहिए तो हमें अपने जीवन को संस्कारवान, संयमित और वास्तविक बनाना होगा।

आचार्य श्री विनिश्चयसागर जी महाराज के दशम आचार्य पदारोहण दिवस के उपलक्ष्य में संगीतमयी पूजन श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुई। समारोह का शुभारंभ चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुनिश्री का पाद प्रक्षालन एवं जिनवाणी भेंट करने का सौभाग्य स्थानीय श्रावक-श्राविकाओं को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अनेक विद्वानों एवं श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री के चरणों में विनयांजलि समर्पित कर अपने श्रद्धाभाव व्यक्त किए। समारोह में उपस्थित समाजजनों ने इसे आध्यात्मिक प्रेरणा, सांस्कृतिक चेतना एवं साहित्यिक गौरव का अद्वितीय संगम बताया।

## कलेक्टर ने किया पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य कर रहे टीम को सम्मानित

- कहा भारतीय संस्कृति व ज्ञान परंपरा का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी



**आरंग (विश्व परिवार)।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञानभारतम मिशन के अंतर्गत पांडुलिपि सर्वेक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सर्वेक्षको व संरक्षको को एक गरिमामयी समारोह में सम्मानित किया गया। मंगलवार को रेडक्रास भवन रायपुर में आयोजित समारोह में जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आरंग सहित जिले के अन्य टीम को सम्मानित करते हुए कहा ज्ञानभारतम मिशन में हस्तलिखित पुरानी अभिलेखों, पांडुलिपियां व पोथियों का संकलन व डिजिटलीकरण किया जा रहा है। हमारी संस्कृति व भारतीय ज्ञान परंपरा का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। वहीं समारोह में जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन एवं नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने सहभागिता निभाते हुए सर्वेक्षण टीम का उत्साहवर्धन किया। इस मिशन के तहत् आरंग में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले सर्वेयर शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, प्रधान पाठक अरविंद कुमार वैष्णव एवं शिक्षिका शीला गुरु गोस्वामी व पांडुलिपियों के संरक्षक अमिताभ स्वाति अग्रवाल,रवींद्र अग्रवाल,दीपक गुरु गोस्वामी को भी प्रमाणपत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

## छत्तीसगढ़ में मौसम का बदला मिजाज कहीं हीटवेव तो कहीं गरजेंगे बादल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ इस समय मौसम के दोहरे असर से जूझ रहा है। एक ओर प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और हीटवेव लोगों को बेहाल कर रही है, तो दूसरी ओर दक्षिणी जिलों में मौसम बदलने के संकेत मिल रहे हैं। नौतपा के दूसरे दिन प्रदेश के कई शहरों में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। गर्म हवाओं और तेज धूप ने सुबह से ही लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों तक प्रदेश में गर्मी से राहत मिलने की संभावना बेहद कम है। हालांकि इसके बाद तापमान में 2 से 4 डिग्री तक गिरावट आ सकती है। वहीं 29 मई से प्रदेश के कई हिस्सों में मेघगर्जन, तेज हवा और बारिश की गतिविधियां बढने के संकेत दिए गए हैं।

राजनांदगांव रहा सबसे गर्म, रायपुर में भी 44.5 डिग्री तापमान



मंगलवार को प्रदेश का सबसे गर्म जिला राजनांदगांव रहा, जहां अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा दुर्ग में 44.7 डिग्री, रायपुर और बिलासपुर में 44.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों की बात करें तो अंबिकापुर में 42.4 डिग्री, पेंड्रारोड में 42.2 डिग्री और जगदलपुर में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ।

## जैन राजनीतिक चेतना मंच का दो दिवसीय जिला अधिवेशन सम्पन्न

**बूंदी (विश्व परिवार)।** जैन राजनीतिक चेतना मंच, बूंदी (राजस्थान प्रदेश) द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला अधिवेशन एक निजी रिसोर्ट में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन का उद्देश्य जिले में मंच की गतिविधियों को सक्रिय करना, भविष्य की रूपरेखा तैयार करना तथा राष्ट्रीय जनगणना में जैन समाज की वास्तविक संख्या दर्ज करवाने हेतु समाज को जागरूक एवं मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।




अधिवेशन में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के अनेक पदाधिकारियों एवं समाज के वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंच के परम संरक्षक प्रदीप जैन आदित्य (झांसी) रहे, जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आदरणीय हुकम जैन हाकाकाल (कोटा) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चेलावत एवं मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जैन हाकाकाल (भोपाल) उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि प्रदीप जैन आदित्य ने अपने संबोधन में समाज की एकजुटता, राजनीतिक सहभागिता एवं जनगणना में सही जानकारी दर्ज करवाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की जागरूकता एवं सक्रिय भागीदारी से ही संगठन को नई दिशा एवं मजबूती प्राप्त होगी।

राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष हुकम जैन हाकाकाल ने कहा कि जैन समाज की वास्तविक जनसंख्या करोड़ों में होने के बावजूद वर्ष 2011 की राष्ट्रीय जनगणना में इसकी संख्या बहुत कम दर्ज हुई। उन्होंने समाजजनों से आगामी राष्ट्रीय जनगणना 2027 में धर्म एवं जाति के कॉलम में सही रूप से जैन अंकित करवाने का आह्वान किया।

राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चेलावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को अपनी-अपनी विचारधारा के अनुरूप राष्ट्रीय राजनीतिक दलों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज के उत्थान के लिए भी संगठित रूप से कार्य करना चाहिए, ताकि जैन समाज राजनीतिक रूप से सशक्त बन सके।

मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जैन हाकाकाल ने संगठन की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए अधिकाधिक लोगों को आजीवन सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया।

## पत्रकार भवन के महामंत्री पंकज सक्सेना को मातृशोक



**झांसी (विश्व परिवार)।** यह पंक्तियां लिखते हुए हार्दिक दुःख है कि अभियान टुडे के संस्थापक, लोकतंत्र सेनानी कीर्तिशेष श्री हरेन्द्र सक्सेना की धर्मपत्नि एवं पत्रकार भवन झांसी के महामंत्री श्री पंकज सक्सेना की मातश्री श्रीमती सुशीला सक्सेना का 75 वर्ष की उम्र में देहावसान हो गया । उनका अंतिम संस्कार नंदनपुरा स्थित अंतेष्ठी स्थल पर आज कर दीया गया। दैनिक विश्व परिवार परिवार दिवंगत भव्य आत्मा के स्वर्गारोहण एवं शोकाकुल परिवार जनों के धैर्य प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पराली की आग से घुट रही धरती, बीमार हो रहा इंसान

**रबी सीजन में खेतों में बढ़ी आग की घटनाएं, कृषि विभाग ने किसानों से की अपील**



**गरियाबंद।** जिले में रबी सीजन के दौरान धान कटाई के बाद खेतों में पराली जलाने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। खेतों को जल्दी साफकरने की जल्दबाजी में किसान पराली में आग लगा रहे हैं, लेकिन यह तरीका अब पर्यावरण, मिट्टी और मानव स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि पराली जलाने से जहां खेतों की उर्वरता खत्म हो रही है, वहीं जहरीला धुआं लोगों की सांसों में घुलकर गंभीर बीमारियों को जन्म दे रहा है।

वैज्ञानिकों के अनुसार एक टन धान की पराली जलने से करीब 400 किलो कार्बन, 5.5 किलो नाइट्रोजन, 2.3 किलो फॉस्फोरस, 2.5 किलो पोटाश और 1.2 किलो सल्फर नष्ट हो जाता है। इसके साथ ही मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीव भी खत्म हो जाते हैं, जिससे जमीन की उत्पादन क्षमता लगातार कमजोर पड़ती है।

पराली के धुएं से गांवों और शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर अचानक बढ़ जाता है। इससे सांस लेने में तकलीफ आंखों में जलन, एलर्जी और हृदय रोग जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि पराली जलाना कानूनन अपराध है और ऐसा करने वालों पर जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे पराली जलाने के बजाय आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाएं। पराली का उपयोग पशुओं के चारे और बिछावन के रूप में किया जा सकता है। इसमें उच्च गुणवत्ता का फाइबर और पर्याप्त प्रोटीन पाया जाता है, जो पशुओं के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

इसके अलावा रोटावेटर, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्रॉ रीपर और डिस्क हैरो जैसी मशीनों की मदद से पराली को खेत में मिलाकर जैविक खाद बनाया जा सकता है। कम्पोस्टिंग, बायो-डीकंपोजर और ट्राइकोडर्मा तकनीक से भी पराली को उपयोगी खाद में बदला जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि पराली में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश के साथ जिंक, आयरन और मैगनीज जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो खेत की उर्वरता बढ़ाने में बेहद सहायक हैं। कृषि विभाग ने स्वच्छ खेत, स्वस्थ किसान यही हमारी पहचान का संदेश देते हुए किसानों से अपील की है कि वे पराली जलाने से बचें और नई तकनीकों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभाएं। इससे मिट्टी की सेहत सुधरेगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रदूषण के खतरे से बचाया जा सकेगा।

### विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरूकता रैली सहित विभिन्न आयोजन

**जगदलपुर** - निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर बुधवार 28 मई को शहर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि महिलाओं,युवतियों को विश्व माहवारी दिवस पर जागरूक किया जा सके.निशा स्वर फाउंडेशन के फाउंडर निशा नागवंशी , कोफाउंडर झरना मोहंती और संस्था से बी. संतोष ने सयुक्त रूप से बताया की विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के तहत विभिन्न आयोजिन किया जा रहा हैं. दोपहर 2:00बजे से 4:00 बजे तक महारानी अस्पताल के नर्सिंग कॉलेज मैं कई नर्सेस और डॉक्टर्स को फैसिलिटेट किया जाएगा साथ ही नर्सिंग स्टूडेंट्स की तारीफ़ से कई कार्यक्रम जैसे स्किड शो और नुक्कड़ नाटक जिसमे की स्वच्छता और महावीर के जागरूकता महत्वपूर्ण रहेगा । इसके बाद 4:00 बजे से नुक्कड़ नाटक के साथ जागरूकता रैली निकाली जायेगी जो शहर के संजय मार्केट,मिताली चौक,दंतेश्वरी मंदिर,गोल बाजर चौक ,मेन रोड,चांदनी चौक से होते हुये महारानी अस्पताल में सम्पन्न होगी माननीय कलेक्टर श्री आकाश छिकारा,माननीय विधायक श्री किरण सिंह देव ,और साथ ही CMHO चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजय बसाक एवं एस पी श्री सलब कुमार सिंहा सुबह जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखायेंगे जिनके साथ DPM डॉ.रीना लक्ष्मी और उनकी सारी टीम भी मौजूद रहेगी साथ ही पुलिस विभाग से रैली को संबोधित करते हुए एस पी श्री सलब कुमार सिंहा भी साथ रहेंगे ! निशा स्वर फाउंडेशन के साथ टाटा ट्रस्ट्स के Associate organization कलेक्टिव for इंटीग्रेटेड लाइवलीहुड इनिशिएटिव (CInI) एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग भी साथ मैं कोलैबोरेशन कर इस आयोजन मैं काम कर रहा है ! इस जागरूकता रैली के सहयोग में साथ देने के लिए नगर के सभी Nursing कॉलेज छात्र , विशेष रूप से नगर पालिका निगम एवं साथ ही नगर के सभी सामाजिक सदस्य एवं पदाधिकारीगण भी मौजूद रहें।

## निकाय कर्मचारी संघ ने सचिव से की मुलाकात, लंबित मांगों के जल्द निराकरण की उठी मांग



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ नगरी निकाय के प्रदेश पदाधिकारियों ने नगरीय निकाय सचिव आर. संगीता से मुलाकात कर कर्मचारियों की वर्षों पुरानी लंबित मांगों और समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। संघ ने सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी और संयोजक संजय शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि निकाय कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन, पदोन्नति, पेंशन और चिकित्सा सुविधाओं जैसी मूलभूत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सचिव के समक्ष कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, समयमान वेतनमान एवं पदोन्नति का लाभ देने, सातवें वेतनमान की लंबित एरियर्स राशि का भुगतान करने और नवीन पद संरचना एवं सेटअप तैयार करने की मांग रखी गई।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की कि 3 से 5 वर्षों से निलंबित अधिकारी-कर्मचारियों की विभागीय जांच में तेजी लाई जाए और नियमानुसार सेवा बहाली सुनिश्चित की जाए। अन्य शासकीय विभागों की तर्ज पर निकाय कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने, सेवानिवृत्त एवं मृत कर्मचारियों के लंबित देयकों का तत्काल भुगतान करने तथा अनुकंपा नियुक्ति के शेष प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

संघ ने वर्ष 1992 से एल.एस.जी.डी. उत्तीर्ण कर्मचारियों को दी गई दो वेतन वृद्धियों की वसूली संबंधी आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग करते हुए इसे कर्मचारियों के हितों के खिलाफ बताया।

कर्मचारी नेताओं के अनुसार सचिव ने सभी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए बिंदुवार चर्चा की तथा हरसंभव समाधान का आश्वासन दिया।

सचिव से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में संयोजक संजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश सचिव ऋषभ ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष महीतोष शर्मा, जिला अध्यक्ष सपना मिश्रा, शिव कुमार साहू, मोहम्मद निसार कुरैशी तथा वरिष्ठ सलाहकार एवं प्रदेश पेंशनर संघ के नेता श्रवण ठाकुर शामिल रहे।

## बस्तर के हुनर और स्थानीय उत्पाद को मिला राष्ट्रीय मंच



### एनआईडी अहमदाबाद की टीम पहुंची नेतानार के 'शहीद गुंडाधुर सेवा डेरा'

**जगदलपुर/** बस्तर की ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता और पारंपरिक कौशलों सहित स्थानीय उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में बुधवार को एक बड़ा कदम उठाया गया है। अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने, जिसमें महिला एवं पुरुष विशेषज्ञ शामिल थे, बस्तर जिले के नेतानार गांव स्थित 'शहीद गुंडाधुर सेवा डेरा' (सीआरपीएफकैंप परिसर) का विशेष रूप से भ्रमण किया। इस महत्वपूर्ण भ्रमण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न आजीविका गतिविधियों को समझना, उन्हें आधुनिक डिजाइन से जोड़ना और उनके लिए बेहतर मार्केट लिंकेज की संभावनाएं तलाशना था। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन सहित वन, कृषि एवं सम्बद्ध विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

इस भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले केंद्र में चल रहे सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का बेहद बारीकी से जायजा लिया। वहां काम कर रही स्थानीय दीदियों ने टीम से बातचीत करते हुए बताया कि वर्तमान में इस पूरे क्षेत्र के दस किलोमीटर के दायरे में कोई दूसरा सिलाई केंद्र उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण यहां कपड़ों की भारी मांग बनी रहती है। इसी मांग को देखते हुए ये महिलाएं प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अपने-अपने घरों के पास खुद का 'बुटीक' खोलने की बेहतरीन योजना बना रही हैं। एनआईडी की टीम ने महिलाओं के इस ऊंचे हौसले को खूब सराहा और उनसे चर्चा करते हुए उनके काम को और अधिक शानदार बनाने तथा नए बाजारों से जुड़ने के रचनात्मक तरीके साझा किए।

सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के बाद विशेषज्ञों की इस टीम ने बस्तर की पारंपरिक ढेकी चावल यूनिट और इमली प्रोसेसिंग यूनिट का भी सघन निरीक्षण किया। बस्तर की इस पारंपरिक ढेकी को, जो समय के साथ लगभग बंद हो चुकी थी, महिलाओं द्वारा पुनर्जीवित कर दोबारा काम शुरू करने के प्रयास की टीम ने विशेष रूप से सराहना की। दीदियों ने बताया कि वे इसके माध्यम से तैयार उत्पादों को प्रदेश के बाजारों में ले जाकर बेचती हैं और आगे जहां से भी मांग आएगी, वे वहां आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी। इसके साथ ही इमली यूनिट में महिलाओं द्वारा मशीनों के माध्यम से इमली के बीज और नसें अलग कर पूरी साफ-सफाई के साथ 'इमली चपाती' बनाने, उसकी ब्रांडिंग करने और आकर्षक पैकेजिंग करने की पूरी कार्यप्रणाली को टीम ने देखा और इसे ग्रामीण स्तर पर एक बेहद बेहतरीन पहल बताया। इन प्रमुख आजीविका गतिविधियों के अवलोकन के साथ-साथ प्रतिनिधिमंडल ने परिसर में स्थापित किए गए विशेष 'सेवा केंद्र' की उपयोगिता को भी समझा। यह केंद्र स्थानीय ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहा है, क्योंकि इसके माध्यम से उन्हें बैंकिंग सेवाओं, पैसे जमा करने व निकालने, बीमा कार्यों और नागरिक कार्ड बनवाने जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए अब दूर नानगुर जाने की जरूरत नहीं पड़ती है। सप्ताह में तीन दिन संचालित होने वाले इस केंद्र से ग्रामीणों की समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है।

## बस्तर में खनिज माफिया पर बड़ी कार्रवाई



### अवैध परिवहन करते 6 वाहन जप्त

### पुलिस अभिरक्षा में सौंपे गए

जगदलपुर, 27 मई 2026/ कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं के कड़े निर्देशों के तहत बस्तर जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफबड़ा अभियान छेड़ दिया गया है। इसी कड़ी में 27 मई को जिला खनिज अधिकारी श्री शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में खनिज जांच दल ने बस्तर जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने मांदर, रायकोट और कोड़ेनार जैसे संवेदनशील इलाकों में औचक निरीक्षण करते हुए अवैध रूप से गौण खनिज का परिवहन कर रहे छह वाहनों को रंगे हाथों पकड़ा। बिना वैध अभिवहन पास (रॉयल्टी पर्ची) के खनिजों का परिवहन करते पाए जाने पर इन सभी वाहन चालकों और मालिकों के खिलाफ अवैध परिवहन का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है तथा खनिज से लदे सभी वाहनों को तुरंत जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है।

इस छापेमारी के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों से रेत और चूनापत्थर का अवैध कारोबार उजागर हुआ है। खनिज विभाग द्वारा जारी विवरण के अनुसार, मांदर क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन करते हुए तीन गाड़ियां पकड़ी गईं। इसी तरह रायकोट क्षेत्र में जांच दल ने हाईवा को अवैध रूप से चूनापत्थर ले जाते हुए ज़ब्त किया। इसके अलावा कोड़ेनार क्षेत्र में भी रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई की गई, जहाँ दो टिप्पर को खनिज सहित अपनी अभिरक्षा में लिया गया।

प्रशासन ने इस मामले में संलिप्त सभी वाहन मालिकों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। खनिज अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इन सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 और खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पूर्व में दी गई चेतावनियों को दोहराते हुए कहा कि बिना वैध पास के खनिजों का परिवहन करना एक गंभीर और दण्डनीय अपराध है। यदि भविष्य में इन्हीं परिवहनकर्ताओं द्वारा दोबारा ऐसा कृत्य किया गया, तो और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज संपदा की चोरी रोकने और अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए खनिज अमले द्वारा यह आकस्मिक जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, जिससे क्षेत्र के खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## सुशासन तिहार में बड़ा हादसा : अचानक गिरा पीपल का पेड़, बच्चा समेत 7 घायल



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को अचानक बड़ा हादसा हो गया। कार्यक्रम स्थल पर भोजन बनाने की तैयारी चल रही थी, तभी वहां मौजूद एक पुराना पीपल का विशाल पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में एक बच्चे सहित 7 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यक्रम स्थल पर रसोई व्यवस्था की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान तेज आवाज के साथ पीपल का पेड़ बीच से टूटकर नीचे गिर गया। पेड़ गिरते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ के नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेजा गया। घायलों के हाथ, पैर और सिर में चोटें आई हैं। डॉक्टरों की निगरानी में सभी का इलाज जारी है।

हादसे के बाद कार्यक्रम स्थल पर कुछ समय के लिए अव्यवस्था की स्थिति बनी रही। प्रारंभिक जांच में पेड़ के काफी पुराने और कमजोर होने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इधर, स्थानीय लोगों ने सार्वजनिक कार्यक्रम स्थलों के आसपास मौजूद पुराने और जर्जर पेड़ों की जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 15.06.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 56 | जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह ब्लॉक के अंतर्गत अफरीद में पशु औषधालय का निर्माण कार्य । **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग चांपा । मद संख्या-67-4403-6781** | 17.74 |
| 2 | 57 | पामगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न सड़कों पर डब्ल्यू एम. एम. एवं बी. टी. पैच कार्य । **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग चांपा । मद संख्या-24-3054-0134** | 19.99 |
| 3 | 58 | जांजगीर उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न सडकों का सामान्य मरम्मत कार्य । **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग चांपा । मद संख्या- 24-3054-0134** | 20.00 |
| 4 | 59 | पामगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य । **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग चांपा । मद संख्या - 67-2059-6519** | 20.00 |
| 5 | 60 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कोरबा अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम., बी.टी. पेंच मरम्मत इमल्शन के साथ (त्वरित मरम्मत) कार्य । **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा । मद संख्या- 24-3054** | 25.00 |
| 6 | 61 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भैसमा अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम., बी.टी. पेंच मरम्मत इमल्शन के साथ ( त्वरित मरम्मत) कार्य । **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा । मद संख्या-24-3054-0134** | 25.00 |
| 7 | 62 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.- 1 कटघोरा अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम. एम. बी. टी. पेच मरम्मत इमल्शन के साथ ( त्वरित मरम्मत कार्य । **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा । मद संख्या- 24-3054-0134** | 25.00 |
| 8 | 63 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. -2 कटघोरा अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम. बी. टी. पेच मरम्मत इमल्शन के साथ ( त्वरित मरम्मत ) कार्य । **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा। मद संख्या- 24-3054-0134** | 25.00 |
| 9 | 64 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.- 1, 2 कटघोरा अंतर्गत आवासीय / गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा । मद संख्या- 67-2216-4489** | 15.00 |
| 10 | 65 | विकासखण्ड कटघोरा के क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी के आश्रित ग्राम बंचर जटांगुपर तक सड़क पहुंच मार्ग लं. 1.30 कि.मी. का निर्माण कार्य । **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा । मद संख्या- 8443 जमा मद** | 106.89 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है ।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि.,बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

**G-262701012/2**

# कवर्धा शहरवासियों को मिला सुव्यवस्थित मित्र मिलन चौपाटी की सौगात






■ कवर्धा में मित्र मिलन चौपाटी का भव्य लोकार्पण

**कवर्धा (विश्व परिवार)।** शहरवासियों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में नवनिर्मित मित्र मिलन चौपाटी का लोकार्पण सोमवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही। लोकार्पण के बाद चौपाटी का अवलोकन किया गया तथा इसकी सुविधाओं की सराहना की गई।

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा शहर के सुव्यवस्थित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वन विभाग कार्यालय के सामने राशि 64 लाख 34 हज़ार की लागत से सर्वसुविधायुक्त चौपाटी का निर्माण का लोकार्पण छत्तीसगढ़ राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं उपस्थिति अतिथियों ने चौपाटी में व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों से फीता कटवाकर किया। उन्होंनें चौपाटी लोकार्पण कर व्यापारियों के साथ उसके व्यवसाय को लेकर चर्चा करते हुए उज्जवल भविष्य व उत्तरोत्तर प्रगति की ओर आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। इस नव निर्मित चौपाटी में शहर के 60 से अधिक फुटपाथ विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से स्थान प्रदान किया गया।

**अब एक ही स्थान पर उपलब्ध होगें स्वादिष्ट व्यंजन-उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होनें लोकार्पण के बाद चौपाटी का अवलोकन किया गया तथा मंच से ही सुविधाओं की सराहना की गई। उन्होनें कहा कि नई चौपाटी में शहरवासियों को विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे, जिससे लोगों को अलग-अलग जगह जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह स्थल न केवल खानपान के लिए, बल्कि परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने के लिए भी एक आकर्षक केंद्र बनेगा। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही।

नवनिर्मित मित्र मिलन चौपाटी का विजय शर्मा जी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलग-अलग व्यंजनों का स्वाद लेते हुए यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विशेष रूप से गुपचुप, समोसा, सेव पुरी सहित अन्य लोकप्रिय व्यंजनों का आनंद लिया और स्टाल संचालकों से आत्मीयता से संवाद किया।

**लाटरी पद्धति से विक्रेताओं को मिला स्थान**

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा की कवर्धा विधायक एवं छतीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप छोटे व्यापारियों और फुटपाथ विक्रेताओं को स्थायी और सुरक्षित व्यवसायिक स्थान उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए व्यस्थापन हेतु लॉटरी पद्धति अपनाई गई, जिससे सभी पात्र विक्रेताओं को निष्पक्ष रूप से स्थान आवंटित किया गया है।

# दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 8 जून को जनसमस्या निवारण शिविर

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साथ के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के विभिन्न 10 स्थानों पर सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर लगाये जायेंगे। सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में रायपुर नगर पालिक निगम जोन 7 अंतर्गत वार्ड कमांक 22, 23, 24, 25, 36, 37 एवं 38 क्षेत्र हेतु दिनांक 28 मई 2026 गुरुवार को ईद-उल-जुहा बकरीद पर्व पर शासकीय अवकाश होने पर अब दिनांक 8 जून 2026 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में लगाया जायेगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि रायपुर ग्रामीण, रायपुर उत्तर एवं धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 9 के वार्ड क्रमांक 7, 8, 9, 10, 11, 32 एवं 51 हेतु 29 मई को गारमेंट फैक्टरी पॉम बेलाजियो के सामने और रायपुर ग्रामीण एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 10 के वार्ड क्रमांक 49, 50, 52, 53, 54, 55 एवं 56 में दिनांक 5 जून 2026 को देवपुरी धर्मशाला (गुरुद्वारा) कमल विहार (कौशल्या विहार) गेट के पास जनसमस्या निवारण शिविर का सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का रायपुर नगर पालिकइनिगम क्षेत्र में जोनवार क्रमानुसार आयोजन रखा गया है।नगर पालिक निगम रायपुर में जोनवार जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन हेतु संबंधित जोन कमिश्नर को शिविर का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# महंगाई और अघोषित बिजली कटाई से जनता परेशान: विकास उपाध्याय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने देश में बढ़ती महंगाई और विद्युत की समस्या पर करारा प्रहार करते हुये भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर आरोप लगाया है कि देश में जिस प्रकार महंगाई आसमान छू रही है और सरकार बिजली की समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही इससे साफ प्रतीत हो रहा है कि देश में अब भाजपा सरकार चलाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है।



उपाध्याय ने कहा कि जब से पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि हुई है तब से देश में रसोई गैस, खाने के तेल, राशन सामग्री, ट्रांसपोर्टिंग दर में भी बेतहाशा वृद्धि हो गई है। आज देश के नागरिकों की महीने की कमाई से ज्यादा उनकी जरूरतों की सामग्री के मूल्य और सुविधाओं के मूल्यों में वृद्धि हो चुकी है यही कारण है कि देश में प्रधानमंत्री जी को सोने की खरीदी, पेट्रोल-डीजल के उपयोग और नागरिकों को घर से कार्य करने की अपील करनी पड़ी। उपाध्याय ने बताया कि जब से देश के प्रधानमंत्री जी ने अपील की है तब से आज तक चार से पाँच बार पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि की गई और ऐसा करके बीजेपी सरकार समझ रही है कि जनता को पता नहीं चलेगा और सरकार पर कोई आँच तक नहीं आयेगी ये बीजेपी सरकार जनता को छलकर महंगाई के नाम पर उनकी जेब पर डाका डालने का काम कर रही है।

# नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने नाली निर्माण कार्य का स्थल का किया पूजन

**जामुल (विश्व परिवार)।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड में मुलभुत विकास कार्य तेजी से सम्पादित हो रहा है । इसी तारतम्य में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने वार्ड क्र. 05 में पांच लाख रूपये के लागत से नाली निर्माण कार्य का स्थल पूजन किया ।

नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका जामुल क्षेत्र में हर वार्ड में प्राथमिकता अनुसार विकास कार्य किया जा रहा है । आज जो स्थल पूजन हुआ है वो हमारे पार्षद एवं वार्ड 05 के निवासियों के मांग अनुरूप हो रहा है, शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा जिसका सीधा लाभ हमारे वार्ड के निवासियों को होगा । साथ ही मैं जानकारी देना चाहूंगा कि बहुत सारे विकास कार्यों को शीघ्र ही जमीन पर उतारने के लिए तेजी से शासकीय प्रक्रिया जारी है। जिनमें अध्यक्ष निधी, पार्षद निधी के कार्यों का निविदा प्राप्त हो चुका है । संभवत: हर वार्ड में और भी विकास कार्य हमारे परिषद के सम्मानीय सदस्यों के अनुशंसा के अनुसार एवं वार्डवासियों के मांग अनुरूप कार्य होंगे । स्थल पूजन के अवसर पर वार्ड पार्षद दीपक गुप्ता, जामुल भाजपा मंडल के अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, युवा नेता मनीष साहू, अंजेश अग्रवाल, वार्डवासी दिलीप साहू, तिवारी सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हाकन कर पूर्व से तैयारी करने के निर्देश

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार आगामी मानसून में जिले में बाढ़ आपदा नियंत्रण के तहत जिला स्तरीय बाढ़ कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिला बाढ़ नियंत्रण का दूरभाष क्रमांक 07727-222454 है जो संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 7 में 1 जून 2026 से 24 घंटे संचालित रहेगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला स्तरीय समिति गठित कर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने तहसील जल संसाधन एवं कृषि विभाग द्वारा स्थापित सभी वर्षामापी यंत्र को दुरुस्त करने तथा प्रतिदिन की जानकारी प्रात: 8 बजे तक भू अभिलेख शाखा में उपलब्ध कराने,राहत शिविरों एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हाकन कर पूर्व से तैयारी करने के निर्देश दिए है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। जिला स्तरीय समिति में नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता मो. 94077-20005, सहायक नोडल अधिकारी सुरेश देवांगन मो. 78697-77184, जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष मो. 94791-90629, जिला चिकित्सालय नियंत्रण कक्ष मो.81099-57485 एवं जिला सेनानी नगर सेना नियंत्रण कक्ष मो. 72229-20390 है। कलेक्टर शर्मा ने खाद्य अधिकारी को राहत शिविरों में खाद्यान्न की आपूर्ति,लोक निर्माण विभाग को मानसून के पूर्व सड़क, पुलिया निर्माण, पशुपालन विभाग को पशुधन में किसी भी प्रकार संक्रामक रोग ना हो इसके लिए पूर्व तैयारी, कृषि विभाग को अतिरिक्त बीज संग्रहण, फसल बीमा की लाभार्थियों की संख्या को बढ़ाने,जिला सेनानी को मोटर बोट व तेरा नगरीय निकाय में सभी नाले एवं नालियों की सफाई बरसात पूर्व सुनिश्चित करने कहा है।

# बोड्तरा में समाधान शिविर आज,12 ग्राम पंचायत के ग्रामीण होंगे शामिल*

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत गुरुवार 28 मई को विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बोडतरा में समाधान शिविर आयोजित की जाएगी जिसमें 12 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे।शिविर प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में ढाबाडीह , धौराभांठा,कोड़ापार, खपराडीह,खोखली,गाड़ाडीह,मज गांव, सेमरिया,राजाढार, बोडतरा,गोगिया एवं आलेसुर शामिल होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क़ी बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

# बैंक आफ बड़ौदा कर रहा है बॉब इ पे पर बायोमैट्रिक भुगतान

■ आईओटी-आधारित भुगतान और यूआईडीएआई

**मुंबई (विश्व परिवार)।** भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज अपने यूपीआई भुगतान ऐप, बॉब इ पे पर तीन नई सुविधाएं -भुगतान के लिए मोबाइल ओएस-नेटिव बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन, यूपीआई पिन सेट/रीसेट करने के लिए यूआईडीएआई-आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तथा इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स (आईओटी)-आधारित भुगतान की पेशकश करने की घोषणा की। बॉब इ पे एक यूनिवर्सल यूपीआई ऐप है जो सभी बैंकों के ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। इस पहल के बारे में बात करते हुए, श्री संजय मुदालियर, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहा, आज के समय में ग्राहक बाधा रहित, सहज एवं सुरक्षित डिजिटल भुगतान की अपेक्षा रखते हैं।




बॉब इ पे पर इन नई सुविधाओं की पेशकश के साथ, हम सुरक्षा को सुदृढ़ करते हुए उपयोगकर्ता अनुभव को सरल तथा बेहतर बना रहे हैं। ये नवाचार दर्शाते हैं कि हम हमारे ग्राहकों के लिए भविष्य के लिए तैयार डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करने की दिशा हमारे निरंतर प्रयासरत हैं। यूपीआई भुगतान के लिए मोबाइल ओएस (ऑपरेटिंग सिस्टम) का नेटिव बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन मोबाइल ओएस-नेटिव बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन सुविधा के साथ, ग्राहक अब अपने मोबाइल डिवाइस पर पंजीकृत फिंगरप्रिंट अथवा फेस आईडी का उपयोग करके ?5,000 तक के यूपीआई लेनदेन को अधिकृत कर सकते हैं, जिससे बॉब इ पे पर भुगतान तेज, बाधा रहित एवं अधिक सुरक्षित हो जाएगा। यह सुविधा पिन रहित लेन-देन को संभव बनाती है, जिससे कई पिन याद रखने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है तथा दैनिक भुगतान अधिक त्वरित एवं सहज हो जाता है।

# नरेंद्र जैन पर दर्ज फर्जी प्रकरण निरस्त किया जाए: धनेंद्र साहू

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री छ ग़ शासन धनेंद्र साहू के नेतृत्व में कांग्रेस के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज छत्तीसगढ़ पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम से मुलाकात कर सूरजपुर जिले के कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण को तत्काल निरस्त करने तथा इस मामले में शामिल संबंधित पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश महामंत्री सकलेन कामदार, प्रदेश सचिव ब्रह्मानंद सिंह ठाकुर, रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र (पप्पू) बंजारे, रायपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार मेनन, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, पूर्व महापौर एजाज ढेबर, कन्हैया अग्रवाल तथा अधिवक्ता दिशांत सिंह ठाकुर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को अवगत कराया कि नरेंद्र जैन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया।



# थम ही नहीं रहा अपराध का सिलसिला कानून व्यवस्था फेल: दीपक बैज

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पूरे प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि पेंड्रा के कोटमी बाजार में सराफा कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई,पिछले 24 घंटों के भीतर ही राजधानी रायपुर के कुशालपुर क्षेत्र में गैंगवार हुआ, राजधानी रायपुर के ही गंज थाना क्षेत्र में सरेआम चाकूबाजी हुई, एक युवक हत्या हो गई, उनसे जेवरात लूट लिए गए, बिन्द्रानवागढ़ के देवभोग में महिला समेत परिवार के चार सदस्यों पर धारदार ब्लेड से हमला कर दिया, महिला की गर्दन पकड़ कर ब्लेड चला दिया गया जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई, मौके पर मौजूद उनके दोनों बेटे और पति गंभीर रूप से घायल हैं,जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है।



जल ही जीवन है, इसे सहेजें

# छत्तीसगढ़ के मेधावी सिक्ख विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय सम्मान मिला




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन ने आज प्रदेश के मेधावी सिक्ख विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय सम्मान किया । इसमें 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को 7 गोल्ड मैडल, 6 सिल्वर मैडल, मोमेन्टों और और सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस प्रदान किया गया। कक्षा 10वीं में 4 गोल्ड मैडल और 3 सिल्वर मेडल और 12वीं में 3 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर मेडल प्रदान किया गया।

गोल्डमैडल:- 10वीं में रायपुर की गुनतास घुम्मन, यशराज चावला, अस्तुज सिंह ओबेराय, हरगुन कौर चावला को गोल्ड मैडल, 12 वीं में रायपुर की हरलीन कौर बेदी, अवनीत कौर सलूजा, इशप्रीत कौर होरा को गोल्ड मैडल और सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस प्रदान किया गया। सिल्वर मैडल:- 10वीं में रायपुर की हरगुन छाबड़ा, जसलीन कौर, महासमुन्द के नवनीत आजमानी को तथा 12वीं में रायपुर के दिलप्रीत सिंह सैनी, प्रथम सिंह भाटिया, भिलाई के करणदीप सिंह भाटिया को सिल्वर मेडल और सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस प्रदान किया गया।

**नाम परिवर्तन**

मै आर **भीमेश्वर राव सुपुत्र स्व. रुन्कू सिम्हादरी नायडू आदित्य नगर, दुर्ग, तहसील- दुर्ग, जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़** ने अपना नाम आर भीमेश्वर राव से बदल कर रुन्कू भीमेश्वर राव (RUNKU BHEEMESHWAR RAO) रख लिया गया है ।

हस्ताक्षर

**नाम परिवर्तन**

मै **आर धनंजय नायडू सुपुत्र श्री आर भीमेश्वर राव, आदित्य नगर, दुर्ग, तहसील- दुर्ग, जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम आर धनंजय नायडू** से बदल कर रुन्कू धनंजय नायडू (**RUNKU DHANANJAY NAIDU**) रख लिया गया है ।

हस्ताक्षर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /31490/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 27-05-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 31490
वार्ड का नाम- 51 - लाल बहादुर शास्त्री वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR328ZJ065A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PUSHPANJALI SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ROOP KUMAR SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **राहुल शर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **रूप कुमार शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /31499/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 27-05-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 31499
वार्ड का नाम- 51 - लाल बहादुर शास्त्री वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR328ZD0152** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJESH PANDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BODHAN PRASAD PANDA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री डी. साहित्या 2. डब्बीरू स ा ं के त** पिता/पति, श्री/श्रीमती **डी. प्रभाकर राव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /31488/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 27-05-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 31488
वार्ड का नाम- 51 - लाल बहादुर शास्त्री वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446V00047** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ALAKHRAM SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NETU RAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **राजेश कुमार साहू** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दर्शन साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र मामला बिक्रीनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./31530/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 27-05-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 31530
वार्ड का नाम-38 - स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR715C0008B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AJAY MARWAH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE HARDEV RAJ MARWAH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JASBIR KAUR OBEROI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O CHARANJIT OBERO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 28 मई 2026



### अरूण पांडे नए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख नियुक्त

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय वन सेवा में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए वरिष्ठ अधिकारी अरूण पांडे को नया प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख नियुक्त किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग से आदेश जारी कर दिया गया है। अरूण पांडे अब वर्तमान पीसीसीएफ व्ही. श्रीनिवासन राव की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे। राव 31 मई को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। राज्य सरकार के इस फैसले को वन विभाग में बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

## मुख्यमंत्री साय ने योग आयोग के अध्यक्ष स्व. रूपनारायण सिन्हा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- संगठन, योग और समाजसेवा के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगाः साय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के कबीर नगर स्थित छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष, संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संभागीय संगठन मंत्री स्वर्गीय श्री रूपनारायण सिन्हा के निवास पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा अंतिम दर्शन किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दु:ख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वर्गीय श्री रूपनारायण सिन्हा का स्नेह, सरलता, संगठन क्षमता और समाज के प्रति समर्पण सदैव स्मृतियों में जीवंत रहेगा। उन्होंने संगठन, जनसेवा, योग तथा भारतीय संस्कृति के संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका निधन भाजपा परिवार, संगठन और पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों, शुभचिंतकों और समर्थकों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति दें।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व संगठन प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## वनांचल विकास को मिली नई गति : विधायक भावना बोहरा ने 1.57 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

- सेंदुरखार में विधायक भावना बोहरा ने किया 1.57 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन







**पंडरिया (विश्व परिवार)।** विधायक भावना बोहरा के सतत प्रयासों और डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा के गाँव-गाँव समृद्धि और विकास की किरण पहुँच रही है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है वहीं हर गाँव को जोड़ती पक्की सड़कें पंडरिया विधानसभा के विकास को नई गति दे रही हैं। इसी कड़ी में आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने वनांचल ग्राम सेंदुरखार में 1 करोड़ 57 लाख 15 हजार रुपए की लागत से विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण एवं नया तालाब निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। यह विकास कार्य पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र के विकास को नई गति देगा। इस दौरान सीसी रोड, सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच एवं 5 नया तालाब निर्माण कार्यों की सौगात वनांचलवासियों को मिली है जिससे निश्चित ही क्षेत्रवासियों को सुविधा एवं लाभ मिलेगा। विधायक भावना बोहरा ने मध्यक्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत ग्राम अंजवाईनबाह, मराडबरा, बोहिल, सारपानी, धुरसी, पुटपुटा, बिरैनबाह, बिरहुलडीह, रोखनी में सीसी रोड एवं ग्राम नेऊर में सीसी रोड निर्माण एवं सांस्कृतिक मंच तथा ग्राम कुशियारी और सेंदुरखार में सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही मनरेगा अंतर्गत ग्राम पिपरहा, छिंदीडीह, कड़मा, भेलकी एवं नेउर में नया तालाब निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि, हमारा संकल्प वनांचल क्षेत्र के समग्र विकास का है। वनांचल क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होने से ग्रामीण जीवन सुगम बन रहा है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिल रही है। सड़क निर्माण से आवागमन बेहतर होगा, सामुदायिक भवन एवं सांस्कृतिक मंच सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करेंगे, वहीं तालाब निर्माण से जल संरक्षण और कृषि को लाभ मिलेगा। भाजपा सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लक्ष्य के साथ निरंतर कार्य कर रही है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु प्रदेश साय जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आज वनांचल क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। शिक्षा, सड़क, पेयजल, सिंचाई, आवास, सामुदायिक अधोसंरचना एवं विकास लगातार कार्य किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का नया वातावरण निर्मित हो रहा है।

## यात्रियों से वन-वे ट्रेन ऑन डिमांड स्पेशल ट्रेनों का लाभ उठाने की अपील

**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ग्रीष्मकालीन यात्रा के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न वन-वे ञ्ञ्ह्ष्ठ (ट्रेन ऑन डिमांड) स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में इन ट्रेनों में पर्याप्त संख्या में सीटें एवं बर्थ उपलब्ध हैं, जिससे यात्रियों को कन्फर्म यात्रा का बेहतर अवसर मिल सकता है। 27.05.2026 को जारी नवीनतम ऑक्यूपेंसी रिपोर्ट के अनुसार



निम्नलिखित स्पेशल ट्रेनों में अभी पर्याप्त सीटें उपलब्ध रिक्त बर्थ की स्थिति: (1)गाड़ी संख्या 08201 बिलासपुर-पोत्तनूर TOD स्पेशल (2)गाड़ी संख्या 08707 दुर्ग-एर्नाकुलम TOD स्पेशल (3) गाड़ी संख्या 08811 गोंदिया-आगरा कैंट TOD स्पेशल। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि वे इन स्पेशल ट्रेनों में उपलब्ध बर्थों का लाभ उठाकर अपनी यात्रा को सुविधाजनक एवं आरामदायक बनाएं। टिकटों की बुकिंग IRCTC वेबसाइट, मोबाइल ऐप रेल वन तथा सभी आरक्षण काउंटरों पर उपलब्ध है। रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं उपलब्ध बुकिंग के आधार पर विशेष ट्रेनों के संचालन की लगातार समीक्षा की जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### 27 एजेण्डो पर विचार कर एजेण्डावार निर्णय लिया गया

## महापौर मीनल की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक, विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय में नगर निगम मेयर इन कांउसिल एमआईसी की बैठक तृतीय तल सभाकक्ष में हुई। जिसमें निर्धारित 27 एजेण्डों पर एजेण्डावार चर्चा कर एमआईसी द्वारा नगर हित से संबंधित कार्यों पर आवश्यक निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये।




महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता में हुई एमआईसी की बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा एमआईसी सदस्य श्री मनोज वर्मा, श्री दीपक जायसवाल, श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, श्रीमती सरिता आकाश दुबे, श्री भोलाराम साहू, श्री अवतार भारती बागल, डॉ. अनामिका सिंह, श्री अमर गिदवानी, श्री नंदकिशोर साहू, श्री खेमकुमार सेन, श्रीमती संजना संतोष हियाल सहित अपर आयुक्त श्री लोकेश्वर साहू, श्री पंकज के शर्मा, श्री विनोद पाण्डेय, श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता श्री संजय बागडे, अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर, श्री इमरान खान, उपायुक्तगण, जोन कमिश्नरगण, कार्यपालन अभियंतागण, सभी विभागो के प्रभारी अधिकारीगण की उपस्थिति रही। एमआईसी ने शहरी गरीबी उपशमन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रस्ताव अनुसार समस्त निराश्रित पेंशन योजना के 146 नवीन प्रकरणो, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 51 नये प्रकरणो को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। जाति प्रमाण पत्र के संबंध में एमआईसी द्वारा उद्घोषणा करने बाबत नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

### बम्हनीडीह में भाजपा की हुंकारः

## मंत्री गुरु खुशवंत और विधायक अनुज शर्मा की सभा में उमड़ा जनसैलाब, विकास के लिए मांगा वोट

**बम्हनीडीह (विश्व परिवार)।** जांजगीर चांपा जिले के नगर पंचायत बम्हनीडीह के चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित विशाल जनसभा एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी उत्साह देखने को मिला। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी श्री रमेश कुमार डडसेना एवं सभी वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के माननीय मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब और धरसींवा विधायक व प्रख्यात अभिनेता श्री अनुज शर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए। दोनों ही दिग्गजों ने जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी मतदान करने की अपील की।



भारी गर्मी के बीच भी जनसभा में स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सभा में उपस्थित अपार जनसैलाब को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि बम्हनीडीह की जनता का यह उत्साह और समर्थन स्पष्ट रूप से बता रहा है कि क्षेत्र में भाजपा की लहर है और जनता का पूरा आशीर्वाद भाजपा के साथ है।

जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि यह सिर्फ एक चुनावी सभा नहीं है, यह बम्हनीडीह के स्वर्णिम भविष्य का शंखनाद है! जनता का यह असीम आशीर्वाद बता रहा है कि कमल का फूल यहाँ पूरी शान से खिलने जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के पर्याप्त स्टॉक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने छत्तीसगढ़ राज्य में मजबूत, निर्बाध लॉजिस्टिक्स समन्वय और चौबीसों घंटे (24×7) परिचालन बनाए रखने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह गहन प्रयास सभी घरेलू, वाणिज्यिक और कृषि उपभोक्ताओं के लिए मोटर स्पिरिट (पेट्रोल), हाई-स्पीड डीजल और लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की दैनिक उपलब्धता सुनिश्चित करता है। नागरिकों के दैनिक जीवन की सुचारू दिनचर्या के पीछे सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उद्यमों द्वारा बिना किसी ठहराव के राज्य को गतिशील रखने के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं (सप्लाई चेन) का एक असाधारण और निरंतर क्रियान्वयन निहित है।




इस बुनियादी ढांचे की मजबूती सीधे तौर पर क्षेत्र के नवीनतम आर्थिक विकास संकेतकों में परिलक्षित होती है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में, मई 2026 के महीने के दौरान छत्तीसगढ़ में पेट्रोल की खुदरा बिक्री में 8% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

## फर्जी अधिकारी बनकर ठगी करने वालों से रहें सावधान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण ने साइबर ठगी को लेकर प्रदेशभर के नागरिकों, आवंटियों और प्रमोटरों के लिए अहम चेतावनी जारी की है। सीजी रेरा ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण कभी भी किसी व्यक्ति के निजी बैंक खाते, मोबाइल नंबर, यूपीआई या अन्य निजी माध्यमों से राशि जमा कराने के निर्देश नहीं देता। रेरा से जुड़े सभी प्रकार के भुगतान केवल सरकार द्वारा अधिकृत और निर्धारित आधिकारिक माध्यमों से ही किए जाते हैं। प्राधिकरण ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी के पास रेरा अधिकारी बनकर कोई संदिग्ध कॉल, मैसेज या पैसे मांगने का मामला सामने आता है, तो वे तुरंत सतर्क हो जाएं। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक डिटेल्स, ओटीपी या निजी जानकारी साझा न करें। सीजी रेरा ने यह भी कहा है कि यदि कोई व्यक्ति इस तरह की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है, तो इसकी शिकायत तत्काल साइबर सेल या नजदीकी पुलिस थाने में दर्ज कराएं।

### संयंत्र क्षेत्रों के स्कूलों में स्थापित होंगे स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम

## समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सेल और एडसिल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन देश की अग्रणी महारत्न इस्पात उत्पादक कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और शिक्षा मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, एडसिल (इंडिया) लिमिटेड के मध्य कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कल, 26 मई 2026 को नई दिल्ली में संपन्न हुए इस रणनीतिक समझौते का मुख्य उद्देश्य सेल के विभिन्न संयंत्र एवं परिचालन क्षेत्रों के आसपास स्थित विद्यालयों में अत्याधुनिक स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम की स्थापना करना है। इस दूरदर्शी पहल के माध्यम से औद्योगिक अंचलों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को आधुनिक और तकनीकी रूप से समृद्ध शिक्षण माहौल उपलब्ध कराया जाएगा।




यह द्विपक्षीय सहयोग देश में समावेशी शिक्षा के ढांचे को मजबूत करने और दूरदराज के क्षेत्रों में शैक्षणिक परिणामों को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह पूरी परियोजना सीधे तौर पर भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशानिर्देशों और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य-4 के वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार की गई है। इसके माध्यम से समाज के हर वर्ग के लिए न्यायसंगत, गुणवत्तापूर्ण और समान शिक्षा के अवसर सुनिश्चित किए जा रहे हैं, ताकि डिजिटल विभाजन को पाटकर युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सके। इस गरिमामयी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर सेल के निदेशक (कार्मिक), श्री के. के. सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेल और एडसिल दोनों ही संगठनों के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### कार्यक्रम — एक दिवसीय किरंदुल परियोजना में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन

## किरंदुल परियोजना में राजभाषा तकनीकी सेमिनार संपन्न

**किरंदुल (विश्व परिवार)।** एनएमडीसी की बैलाडीला लौह अयस्क खदान, किरंदुल में दिनांक 26.05.2026 को एक दिवसीय किरंदुल परियोजना में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन लौह एवं इस्पात उद्योगों में स्वचालन, डिजिटलीकरण, रोबोटिक्स एवं ए.आई. (कृत्रिम बुद्धिमता) का उपयोग एवं प्रभाव एवं उत्पादन लागत में कमी हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग विषयों पर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक एवं विभागाध्यक्षों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।




तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने तकनीकी आलेखों के संकलन की पत्रिका तकनीकी क्षितिज का विमोचन किया। अपने संबोधन में उन्होंने तकनीकी सेमिनार के विषयों को सविस्तार एवं सटीक व्याख्या करते हुए आज के वर्तमान समय में इनकी उपयोगिता को महत्वपूर्ण बताया। सेमिनार की प्रासंगिकता को बेहद जरूरी बताते हुए कहा कि तकनीकी आलेखों को हिंदी भाषा में प्रस्तुत करना काफी महत्वपूर्ण कार्य है। यह एक ओर जहां कार्यों में नवीनता लाने का सहज प्रयास है, वहीं दूसरी ओर भाषा की प्रयोगशीलता,विविधता एवं उसके उपयोग बढ़ोत्तरी में भी मददगार होता है। हमारी परियोजना द्वारा हर वर्ष तकनीकी सेमिनार का आयोजन सराहनीय पहल है। श्रीमती के.एल. नागवेणी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) व सर्वकार्यभारी अधिकारी (राजभाषा) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सेमिनार की उपयोगिता पर बल दिया और विभिन्न गतिविधियों के बीच में राजभाषा तकनीकी सेमिनार के विशेष आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सेमिनार में सर्वश्री के.पी.सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), आर.एन.मिश्र, उप महाप्रबंधक (राजभाषा), एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद, सेल्वाकुमार, महाप्रबंधक (यां.) सेवाएं, एस.गुहा,उप महाप्रबंधक (वित्त), सुनील कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रशि.व सुरक्षा) के साथ ही मानव संसाधन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व आलेखदाता मौजूद थे।

इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि श्री के.पी.सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) और श्री आर.एन.मिश्र, उप महाप्रबंधक (राजभाषा), एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद ने राजभाषा तकनीकी सेमिनार पर अपने सारगर्भित विचार रखे। दो सत्रों में आयोजित सेमिनार के प्रथम सत्र की अध्यक्षता श्री आर.एन.मिश्र, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डा.महेश कुमार वर्मा, सहा.महाप्रबंधक (भू-विज्ञान) ने की। सेमिनार में कुल 20 प्रतिभागियों के आलेख चयनित किए गए थे, जिसमें पन्ना, बचेली, किरंदुल, हैदराबाद, दोणिमलै शामिल है।

इन प्रतिभागियों ने पावर प्वाइंट के जरिए बेहद विस्तारपूर्वक उपर्युक्त चयनित विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रतिभागियों को स्मृति चिहन एवं विभागाध्यक्षों को सम्मान चिह्न प्रदान किए गए।




RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354